रोहतक

मंगलवार 9 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 125

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा

अधि. 45.2°C

न्यून. 24.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




5 भारत ने जीते 3 स्वर्ण सहित 17 पदक


सत्यमेव जयते

भारत सरकार



जिनके जीवन का हर पल, सेवा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है,
जिनके लिए जनकल्याण ही जीवन साधना है, ऐसे **सेवा-व्रती नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में
भारत की निरंतर प्रगति का साक्षी पूरा देश कह रहा है...

## 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

### गरीब कल्याण

- **81+ करोड़** लोगों को प्रतिमाह **मुफ्त राशन**
- **4+ करोड़ पीएम आवास, 10.5+ करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन** और **12+ करोड़ शौचालय** से जीवन हुआ आसान

### युवा शक्ति

- लगभग **2 करोड़** युवाओं को **स्किल ट्रेनिंग**
- **₹40 लाख करोड़** के **मुद्रा लोन**
- देशभर में **2.2 लाख स्टार्टअप्स**
- **10,000+ अटल टिंकरिंग लैब्स** से नवाचार को बढ़ावा

### किसान कल्याण

- **₹4.3 लाख करोड़** की पीएम किसान सम्मान निधि
- **4+ करोड़** किसानों को **₹2 लाख करोड़** का **फसल बीमा**
- **₹26+ लाख करोड़** की फसल खरीद **MSP** पर
- **8 करोड़** किसानों को **किसान क्रेडिट कार्ड**

### नारी शक्ति

- **32+ करोड़** महिलाओं के **जन-धन खाते** खुले
- सेना में महिलाओं को मिला **स्थायी कमीशन**
- **3+ करोड़ लखपति दीदी**
- **10 करोड़** ग्रामीण महिलाएं **91+ लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप** के माध्यम से सशक्त

### स्वास्थ्य

- **70+** के बुजुर्गों को भी **₹5 लाख** का **मुफ्त उपचार**
- **60+ करोड़** लोगों को **आयुष्मान भारत** की सुरक्षा
- देशभर में **19,000+ जन-औषधि केंद्रों** पर **90%** तक सस्ती दवाएं

### मिडिल क्लास

- **₹12.75 लाख** तक की वार्षिक आय **टैक्स फ्री**
- **UDAN** योजना के तहत **1.6+ करोड़** यात्रियों ने की किफ़ायती हवाई यात्रा
- **एमबीबीएस** सीटों की संख्या 151% बढ़कर करीब **1.3 लाख** हुई

### राष्ट्र निर्माण


- **26** शहरों में फैला **1,100+ किमी** का **मेट्रो नेटवर्क**
- देशभर में दौड़ रहीं **164 वंदे भारत ट्रेनें**
- अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज, पंबन समुद्री पुल जैसे **बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण**
- **एयरपोर्ट्स** की संख्या 74 से बढ़कर **164** हुई

### राष्ट्र प्रथम

- करीब **₹38,400 करोड़** का रिकॉर्ड **डिफेंस एक्सपोर्ट**
- **नक्सलमुक्त भारत** का सपना साकार, आतंकवाद पर हो रहा **कड़ा प्रहार**
- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति - राजपथ बना **कर्तव्य पथ, छत्रपति शिवाजी महाराज की मुद्रा** से प्रेरित **नौसेना का नया ध्वज**

### विरासत और विकास

- अयोध्या में **भव्य राम मंदिर** का निर्माण
- काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक और केदारनाथ धाम का **कायाकल्प**



CBC 46101/13/0005/2627

## खबर संक्षेप



### ओमैक्स टी-20 प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें अनुशासित, स्वस्थ एवं आत्मविश्वासी नागरिक बनाने का सबसे प्रभावी साधन हैं। खेल हमेशा खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयां छूने का मौका देता है। मुख्यमंत्री रविवार को ओमैक्स टी-20 चंडीगढ़ प्रीमियर लीग-2026 के चौथे संस्करण की ट्रॉफी अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### अजय कुमार देश के 25 टॉप जिलाधिकारियों में

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी अजय कुमार को प्रशासनिक नेतृत्व और नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा जारी 'देश के 25 सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी-2026' के वार्षिक सर्वे में उन्हें 'सक्षमतावान' श्रेणी में प्रमुख स्थान दिया गया है। सर्वे में अजय कुमार के कार्यों का मूल्यांकन जनसंपर्क, विकासोन्मुख सोच, संवेदनशीलता, संकट प्रबंधन, नवाचार, जवाबदेही और प्रशासनिक दक्षता जैसे मानकों पर किया गया।

### मिर्गी के कारण बीएसएफ से निकाला, 21 साल बाद कोर्ट से मिली राहत

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने एक जवान को मिर्गी के कारण नौकरी से निकाल दिया था। इसके खिलाफ 21 साल बाद फैसला आया। हाईकोर्ट ने बीएसएफ की अपील को खारिज करते हुए कहा कि यदि किसी जवान को भर्ती के समय स्वस्थ पाया गया था और बाद में सेवा के दौरान बीमारी सामने आई तो उसे सेवा से जुड़ी बीमारी माना जाएगा। ऐसे में दिव्यांगता पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता। मामला भिवानी के अजमेर सिंह का है, जो 1990 में भर्ती हुए थे। 1996 में पहली बार मिर्गी का दौरा पड़ा था।

## हरियाणा विधानसभा में दो दिवसीय सीपीए नॉर्थ जोन सम्मेलन का आगाज

# हर नागरिक की भागीदारी से ही बनेगा विकसित भारत : बिरला

**12 राज्यों के पीठासीन अधिकारियों की मौजूदगी में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर मंथन शुरू**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 'विकसित भारत' का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का संकल्प है। इसे साकार करने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक, संस्था और जनप्रतिनिधि की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नीतियां, योजनाएं और बजटीय प्रावधान ऐसे होने चाहिए, जो समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सोमवार को हरियाणा विधानसभा में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीजन जोन-2 (नॉर्थ जोन) सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा सहित विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 21वीं सदी का यह दशक भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वैश्विक स्तर पर बड़े बदलाव और चुनौतियों के बीच भारत मजबूत कानूनी ढांचे, सुशासन तथा दीर्घकालिक नीतियों के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। आज पूरी दुनिया भारत को नई आशा और संभावनाओं के साथ देख रही है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण को जनआंदोलन का स्वरूप देना होगा, ताकि प्रत्येक नागरिक यह महसूस कर सके कि राष्ट्र निर्माण में उसकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बिरला ने विश्वास जताया कि युवाशक्ति, नवाचार, कौशल विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर भारत वर्ष 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### चुनौतियों से निपटने में जन जागरूकता जरूरी : नायब

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा जरूरतों और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसी चुनौतियों का समाधान केवल प्रशासनिक निर्णयों से संभव नहीं है। इसके लिए जन-जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और प्रभावी विधायी नेतृत्व की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) इंडिया रीजन जोन-2 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में 15 विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, उप-पीठासीन अधिकारी और विधायक भाग ले रहे हैं।

### कुरुक्षेत्र से सोमनाथ जाने वाली ट्रेन रवाना

**कुरुक्षेत्र।** शहर के रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री नायब सैनी सोमनाथ जाने वाली स्पेशल ट्रेन को शंखनाद के साथ रवाना किया। मुख्यमंत्री माथे पर त्रिपुंड लगाकर कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां से सात जिलों के 400 से ज्यादा श्रद्धालु इस में ट्रेन में रवाना हुए। आगे करनाल व अन्य जगह भी श्रद्धालु ट्रेन में सोमनाथ के दर्शनों के लिए जाएंगे। प्रदेश से 1100 से ज्यादा श्रद्धालु इस ट्रेन से सोमनाथ मंदिर जा रहे हैं। पांच दिन की इस धार्मिक यात्रा, श्रद्धालुओं ठहरने, रहने और मंदिर तक लेकर जाने का पूरा खर्च प्रदेश सरकार उठा रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ब्रह्मसरोवर स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### नारनौल में नमो कमल कार्यकर्ताओं को समर्पित

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नारनौल में भाजपा के नवनिर्मित भव्य एवं अत्याधुनिक जिला कार्यालय नमो कमल का हवन-यज्ञ के साथ विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यालय नमो कमल को कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ नारनौल की यह वीर भूमि साधारण भूमि नहीं है। उन्होंने कहा कि इस भूमि पर आकर गर्व की अनुभूति होती है।

## खेतों में ऑर्गेनिक कार्बन की जांच के लिए 332 किट खरीदेगी सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा की भूमि को बंजर होने से बचाने और किसानों को अधिक समृद्ध बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी फैसला लिया है, जिसके तहत प्रदेश में ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट खरीदी जाएंगी ताकि अब सटीक रूप से यह पता चल सके कि किसान के किस खेत में कितना ऑर्गेनिक कार्बन मौजूद है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने ये जानकारी दी। उन्होंने ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट खरीदने के लिए सोमवार को हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। प्रदेश सरकार ने कुल 332 ऑर्गेनिक कार्बन एनालिसिस किट की खरीद को मंजूरी दे दी है, जिन पर राज्य सरकार द्वारा लगभग 2.5 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। बैठक में अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पुलिस में 37 इंस्पेक्टरों का ट्रांसफर

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत पुलिस मुख्यालय ने 37 इंस्पेक्टरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। दो अलग-अलग आदेशों के जरिए 23 और 14 इंस्पेक्टरों को विभिन्न जिलों और विशेष यूनिटों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेशों में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, यमुनानगर, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, झज्जर, नूंह और पंचकूला समेत कई जिलों के अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। इसके अलावा सीआईडी, एचएसएनसीबी, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुनारिया, रेलवे पुलिस और आईआरबी जैसी यूनिटों में भी अधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। पहले आदेश में 23 इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं। इनमें रमेश कुमार को गुरुग्राम से चरखी दादरी, देवेंद्र को गुरुग्राम से झज्जर, संतोष कुमार को गुरुग्राम से सिरसा, महाबीर को फरीदाबाद से हिसार और श्री भगवान को फरीदाबाद से यमुनानगर भेजा गया है। वहीं करनाल से नसीब सिंह को यमुनानगर, संदीप को कैथल और गौरव पूनिया को फरीदाबाद में तैनाती दी गई है। दूसरे आदेश में 14 इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं। अवतार सिंह को गुरुग्राम से चरखी दादरी, रवि कुमार को गुरुग्राम से सोनीपत भेजा गया है।

### पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास, 2 बदमाशों को मारी गोली

**कुरुक्षेत्र।** खनन कारोबारी सुनील भाटिया उर्फ बंटी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सोमवार को मुख्य आरोपी रोबिन निवासी शहजादपुर और मुख्य शूटर अमन निवासी बड़ोत, करनाल ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों की टांग में गोली लगी। दोनों आरोपियों को घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी के लिए सीआईए वन की टीम पिपली बस स्टैंड के पीछे लेकर गई थी। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने वहीं हथियार छिपा रखे थे। शाहाबाद के खनन कारोबारी सुनील भाटिया पर रोबिन उर्फ मोनू ने पुरानी रंजिश में 31 मई को हमला करवाया था। उसी ने जीजा विजय और तुर्की में अपने भाई साहिल और यूके में एक दोस्त की मदद से साजिश रची थी।

### बास्केटबॉल खिलाड़ी को झटका, खेल कोटे में नहीं मिली नियुक्ति

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एशियन स्कूल्स बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी दिग्विजय सिंह की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने हरियाणा सरकार की खेल ग्रेडेशन नीति को सही ठहराते हुए कहा कि जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नीति के अनुसार एक श्रेणी नीचे रखा जाएगा। दिग्विजय सिंह ने वर्ष 2009 में मकाऊ (चीन) में आयोजित एशियन स्कूल्स बास्केटबॉल बॉयज चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। इस उपलब्धि के आधार पर उन्हें चंडीगढ़ खेल विभाग ने ग्रेड-बी खिलाड़ी का प्रमाणपत्र दिया था। बाद में हरियाणा में खेल कोटे की भर्ती में उन्होंने आवेदन किया था।

### भूमि पर कभी नगर निगम का अधिकार नहीं रहा : होटल प्रबंधन

**पंचकूला।** नगर निगम की कथित 200 करोड़ रुपये की शामलात भूमि होटल मालिक के नाम हस्तांतरित किए जाने के मामले में होटल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि संबंधित भूमि कभी भी नगर निगम की संपत्ति नहीं रही। प्रबंधन के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में वर्ष 1912 से ही भूमि का स्वामित्व गांव चौकी के मूल भूमिधारकों के नाम दर्ज है और वे वर्ष 1950 से पहले से इस पर काबिज रहे हैं। होटल प्रबंधन ने दावा किया कि 16 जनवरी 2024 को कलेक्टर पंचकूला ने राजस्व रिकॉर्ड, बिक्री दस्तावेज, नामांतरण, चकबंदी अभिलेख और वंशावली रिकॉर्ड के अध्ययन के बाद आदेश पारित किया था। प्रबंधन के अनुसार कलेक्टर ने भूमि का कोई हस्तांतरण नहीं किया, बल्कि स्वामित्व मूल भूमिधारकों से बिक्री दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त हुआ था।

- 200 करोड़ के कथित भूमि विवाद पर होटल प्रबंधन का स्पष्टीकरण

### धोखाधड़ी मामले में नाइनेक्स डेवलपर्स पर सीबीआई की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घर खरीदारों से कथित धोखाधड़ी के एक मामले में गुरुग्राम स्थित बिल्डर कंपनी नाइनेक्स डेवलपर्स लिमिटेड और उसके एक निदेशक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। यह होम बायर्स धोखाधड़ी मामलों में सीबीआई द्वारा दाखिल की गई 11वीं चार्जशीट है। सीबीआई की जांच में सामने आया कि आरोपी बिल्डर कंपनी और उसके निदेशक ने कथित आपराधिक साजिश के तहत झूठे आश्वासनों, भ्रामक जानकारियों और धोखाधड़ीपूर्ण वादों के जरिए घर खरीदारों और निवेशकों को निवेश के लिए प्रेरित किया। इससे पीड़ितों को आर्थिक नुकसान हुआ, जबकि आरोपियों ने अनुचित वित्तीय लाभ प्राप्त किया। एजेंसी के अनुसार जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद सक्षम अदालत में मामले की 11वीं चार्जशीट दाखिल की।

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चल रही जांच में एक और बड़ी कार्रवाई

### प्रसाद को हाईकोर्ट से राहत, 31.13 लाख के वसूली नोटिस पर रोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सूचना आयुक्त एवं पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी 31.13 लाख रुपये के दंडात्मक किराया (पीनल रेंट) वसूली नोटिस पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। जस्टिस कुलदीप तिवारी की पीठ ने प्रसाद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मामले के तथ्यों को देखते हुए प्रशासन अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर सकता है। प्रसाद ने 23 अप्रैल 2026 को जारी नोटिस को चुनौती दी थी। प्रशासन ने सेक्टर-16 स्थित सरकारी आवास पर कथित अनधिकृत कब्जे के लिए उनसे 31.13 लाख रुपये जमा कराने को कहा था। हाईकोर्ट ने प्रशासन से जवाब मांगते हुए मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त निर्धारित की है।

- सरकारी आवास पर कथित अनधिकृत कब्जे को लेकर जारी किया गया था नोटिस

**हाईकोर्ट के आदेश के बाद सख्ती, ग्रीन बेल्ट और पार्कों से हटेंगे अवैध कब्जे**

# एचएसवीपी ने अपने मुख्यालय पर चलाया बुलडोजर, अब अतिक्रमणकारियों की बारी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला में ग्रीन बेल्ट, पार्कों और सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। एचएसवीपी ने शहरव्यापी अभियान से पहले अपने ही मुख्यालय के बाहर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाकर स्पष्ट संदेश दिया है कि कार्रवाई में किसी भी रसूखदार व्यक्ति को राहत नहीं मिलेगी। हाईकोर्ट के आदेशों की पालना में एचएसवीपी ने ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मुख्यालय के बाहर ग्रीन बेल्ट पर बनाई गई अवैध बाउंड्री वॉल और फेंसिंग को अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वस्त किया गया।



### पंचकूला में 2000 लोगों को नोटिस थमाए

विभाग के अनुसार पंचकूला सहित कई शहरों में अवैध कब्जों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। केवल पंचकूला में ही करीब दो हजार लोगों को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया है। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद विभाग बुलडोजर कार्रवाई करेगा और इसका खर्च भी संबंधित कब्जाधारकों से वसूला जाएगा। एचएसवीपी अधिकारियों का कहना है कि वर्षों से ग्रीन बेल्टों और सार्वजनिक भूमि पर लोगों ने अवैध रूप से बाउंड्री वॉल, लोहे की ग्रिल, फेंसिंग, टीन शेड और पार्किंग स्थल बना रखे हैं।


## नगर एवं ग्राम आयोजना निदेशालय, हरियाणा

नगर योजना भवन, प्लॉट नं. 3, ब्लॉक-ए, सेक्टर-18-ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़।
टेली-फैक्स: 0172-2548475, 0172-2549851,
ई-मेल : tcpharyana7@gmail.com, वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in

मैमो नं. RCP-37-Vol.-A/JD(RA)/2026/19829 दिनांक 05.06.2026

### सार्वजनिक सूचना

अन्तिम विकास प्लान-2031एडी, सांपला के अनुरूप ड्राइंग नं. डीटीपी (जेएच) 776/25 दिनांक 03.12.2025 वाले सेक्टर-9 (औद्योगिक), सांपला के सेक्टोरल-कम-सजरा प्लान को सरकार द्वारा सिद्धांततः अनुमोदित कर दिया गया है, जिसमें आंतरिक सरकुलेशन रि-प्लांड किया गया है। पूर्ववर्ती अनुमोदित सक्टोरल प्लान की एक स्कैंड कॉपी के साथ-साथ उसी ड्राईंग पर सेक्टर-9 (औद्योगिक), सांपला के सेक्टोरल प्लान में किये गये संशोधन दर्शाते हुए प्रस्तावित संशोधित सेक्टोरल प्लान को विभागीय वेबसाइट **www.tcpharyana.gov.in** पर डाला गया है।

उपरोक्त के मद्देनजर, यदि किसी व्यक्ति को सेक्टोरल प्लान के प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति है, तो लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना से 30 दिनों की अवधि के अंदर एसटीपी, रोहतक के कार्यालय में दायर कर सकता है। दी गई अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आपत्ति, यदि कोई प्राप्त हुई तो एसटीपी, रोहतक के कार्यालय द्वारा मैरिट्स पर जांची जाएंगी और उन पर टिप्पणियां उस मामले पर अन्तिम निर्णय हेतु 15 दिन की अवधि के अंदर (आपत्तियां दायर करने हेतु 30 दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात) इस कार्यालय को अग्रेषित की जाएंगी।

दिनांक :
स्थान : चंडीगढ़

हस्ता/- (अमित खत्री, आईएएस)
निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना,
हरियाणा, चंडीगढ़

पीआरडीएच-1118/11/193/2027/45973/88/6 दि. 08.06.26



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी

अभियोग संख्या 269 दिनांक 17.08.2025 धारा 127 (6) बी एन एस थाना खोल

**गुमशुदा की पहचान :-**



**नाम- बीना उर्फ बन्टी पति मनोज कुमार निवासी गांव माजरा थाना खोल**
उम्र-36 साल,
कद- 5'' 6 इंच
हुलियाः रंग गेहुओं, हष्ट पुष्ट शरीर, सेहत शुदा लाल रंग सुट पैरों में जूती पहने हुये

**आशिष पुत्र मनोज कुमार निवासी गांव माजरा थाना खोल उम्र 16 साल कद 4 फुट 5 इंच,**

**महक पुत्री मनोज कुमार निवासी गांव माजरा थाना**
उम्र- 12 साल कद 4 फुट 3 इंच है।

दिनांक 25.7.2025 को बीना उर्फ बन्टी पुत्री मनोज कुमार निवासी गांव माजरा थाना खोल जिला रेवाड़ी, आशीष व महक को अपने साथ लेकर बिना बताये घर से कहीं चले जाने बारे अभियोग दर्ज हुआ है। जिसका अभी तक सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई सुचना प्राप्त होती है तो निम्न नंबरों पर सूचित करे। सूचित करने वाले कि पहचान गुप्त रखी जायेगी।

1. प्रबन्धक अफसर थाना खोल रेवाड़ी मो. नं. -7056666128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाड़ी -01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधान कर्ता थाना खोल -9416885021

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी

अभियोग सं. 117 दिनांक 31.03.2026 धारा 137 (2) BNS थाना माडल टाउन रेवाड़ी।

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम-** खुशबू पुत्री हरिराम अहिरवार गाँव पठारी जिला टीकमगड़ मध्यप्रदेश हाल किराएदार विकास नगर जिला रेवाड़ी, हरियाणा
उम्र- 14 वर्ष
कद- 4 फुट 6 इंच
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला जिस्म, काले लम्बे बाल

दिनांक 30.03.2026 को शाम करीब 08.00 बजे खुशबू पुत्री हरिराम अहिरवार गाँव पठारी जिला टीकमगड़ मध्यप्रदेश हाल किराएदार विकास नगर जिला रेवाड़ी घर से कहीं चली गई। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। लड़की खुशबू का अभी तक सुराग नहीं पता चला है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना माडल टाऊन रेवाड़ी-7056666122
2. पुलिस कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधानकर्ता थाना माडल टाऊन रेवाड़ी-9466223758

पीआरडीएच-1084/11/4916/2027/46007/88/6 दि. 08.06.26



## उत्तर रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अम्बाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| Tender No. & Tender Title | App. Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Completion Period (Months) | Cost of Tender Document (Rs.) | Date of Closing |
|---|---|---|---|---|---|
| **Tender No. NR-Proj-UMB-SCADA-T1**<br>उत्तर रेलवे के फिरोजपुर (FZR) और अम्बाला (UMB) मंडलों में EPC-08 अनुबंध के तहत नवनिर्मित 09 संख्या कर्षण उपकेंद्रों (TSS) के डेटा टेलीमेट्री एकीकरण का कार्य। | 76.50 Lac | 1,53,000/- | 06 Month | Nil | 03.07.2026 15:30 Hrs |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदाकर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोट:** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा सूचना क्रमांक : NR/Proj/UMB/Advt./17 तारीख : 05.06.2026** 1956/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. N. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | PnU-UMB-SRE-WRL-71-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, कुल क्षेत्रफल 20x11 वर्ग फुट (साइट-प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 2 | PnU-UMB-RPJ-WRL-70-26-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 4 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर है (साइट-प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 3 | PnU-UMB-UMB-WRL-74-26-1 | अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, कुल क्षेत्रफल 14.438 वर्ग मीटर (साइट-प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 4 | PnU-UMB-SIR-WRL-72-26-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर है (साइट-प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 5 | PMBJK-UMB-KLK-PMBJK-3-26-1 | कालका रेलवे स्टेशन पर 24.75 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (PMBJK) का प्रावधान | 18.06.2026 15:00:00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1958/26



## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल-132001, **शाखा कार्यालय :** द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंकित पुत्र नरेश कुमार (कर्जदार), रमेश पुत्र महाबीर (सह-कर्जदार), सुदेश पत्नी नरेश (सह-कर्जदार), नरेश कुमार पुत्र महावीर सिंह (सह-कर्जदार), गांव भैणी चन्द्रपाल (117), जिला रोहतक-124112, हरियाणा LHROH00001668507 | अंकित पुत्र नरेश कुमार के पक्ष में श्री करमवीर द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 2245 दिनांक 25.10.2023 के अनुरूप वार्ड नं. 5 निकट कांटी चौक, गोहाना मोड, रोहतक रोड, महम, जिला रोहतक-हरियाणा में स्थित सम्पत्ति आईडी 7ho65942 वाली दुकान नं. 71, माप 16.85 वर्गगज वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - 8'-4'' पीर का स्थान, दक्षिण : 9' 8.5'' पुराना जी.टी. रोड, पूर्व : 17'-3'' कॉमन दीवार, दुकान नं. 92, पश्चिम : 17'-8'' कॉमन दीवार, दुकान नं. 72. / कब्जे की तिथि : 03.06.2026 | 16-03-2026 रु. 40,68,521/- | रोहतक |
| 2. | जयवीर पुत्र बनी सिंह (कर्जदार), अनिता पत्नी जयवीर (सह-कर्जदार), गांधरा (44), रोहतक-124501 LHROH00001542575 | अनिता पत्नी जयबीर सिंह के पक्ष में साहब सिंह द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1319 दिनांक 08.09.2006 के अनुरूप गांव गांधरा, जिला रोहतक में स्थित जमाबंदी वर्ष 2004-2005 के अनुसार 4 कनाल में से 1/3 हिस्सा जो 1के 7एम अर्थात माप 807 वर्गगज, खेवट नं. 385, खतौनी नं. 500, किल्ला नं. 72//21/1(3-4), 81//1/1/1(0-16) में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं।/कब्जे की तिथि 04.06.2026. | 16-03-2026 रु. 5,87,611/- | रोहतक |
| 3. | जयवीर पुत्र बनी सिंह (कर्जदार), अनिता पत्नी जयवीर (सह-कर्जदार), गांधरा (44), रोहतक-124501 LHROH00001638993 | अनिता पत्नी जयबीर सिंह के पक्ष में साहब सिंह द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 1319 दिनांक 08.09.2006 के अनुरूप गांव गांधरा, जिला रोहतक में स्थित जमाबंदी वर्ष 2004-2005 के अनुसार 4 कनाल में से 1/3 हिस्सा जो 1के 7एम अर्थात माप 807 वर्गगज, खेवट नं. 385, खतौनी नं. 500, किल्ला नं. 72//21/1(3-4), 81//1/1/1(0-16) में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं।/कब्जे की तिथि 04.06.2026. | 16-03-2026 रु. 3,83,170.6/- | रोहतक |
| 4. | सलमा सी/ओ इरशाद (कर्जदार), मोहम्मद इरशाद सी/ओ रहमुदीन (सह-कर्जदार), निकट पैट्रोल पम्प, गढ़ी भलाल (43) करनाल-132114, हरियाणा LHKNL00001488879 | श्रीमती सलमा के पक्ष में श्री धर्मेन्द्र द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 9597 दिनांक 03.12.2021 के अनुरूप गांव गढी भलाल, तहसील घरौंडा, जिला करनाल में स्थित खेवट नं. 320 सालम, कित्ते 10 में निहित सम्पत्ति रकबा 64 कनाल 15 मरला इसका 20/11655 हिस्सा 2 मरला 2 सरसाई अर्थात 67 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - 25 फीट गली, दक्षिण- 22 फीट प्लॉट मालिक, पूर्व - 20 फीट 4 इंच गली, पश्चिम - 36 फीट 8 इंच प्लॉट मालिक।/कब्जे की तिथि 03.06.2026. | 18-03-2026 रु. 35,663/- | करनाल |
| 5. | सलमा सी/ओ इरशाद (कर्जदार), मोहम्मद इरशाद सी/ओ रहमुदीन (सह-कर्जदार), निकट पैट्रोल पम्प, गढ़ी भलाल (43) करनाल-132114, हरियाणा LHKNL00001488880 | श्रीमती सलमा के पक्ष में श्री धर्मेन्द्र द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 9597 दिनांक 03.12.2021 के अनुरूप गांव गढी भलाल, तहसील घरौंडा, जिला करनाल में स्थित खेवट नं. 320 सालम, कित्ते 10 में निहित सम्पत्ति रकबा 64 कनाल 15 मरला इसका 20/11655 हिस्सा 2 मरला 2 सरसाई अर्थात 67 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - 25 फीट गली, दक्षिण- 22 फीट प्लॉट मालिक, पूर्व - 20 फीट 4 इंच गली, पश्चिम - 36 फीट 8 इंच प्लॉट मालिक।/कब्जे की तिथि 03.06.2026. | 18-03-2026 रु. 6,64,508/- | करनाल |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक :** 09 जून 2026
**स्थान :** महम, रोहतक, करनाल

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

रोहतक

मंगलवार 9 जून 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 125
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम** हरियाणा
अधि. 45.2°C
न्यून. 24.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




5 निशानेबाजी चयन ट्रायल : राही ने मनु को पछाड़ा, एशियाई खेलों के लिए ठोकी दावेदारी

**ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सदस्य टूटे**

# बिखरा तृणमूल

**एनडीए का समर्थन करेंगे स्पीकर को दी जानकारी**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

*टीएमसी के 20 सांसदों ने रविवार देर रात दिल्ली के एक अज्ञात स्थान पर अनौपचारिक बैठक की। इसमें सांसदों ने मौजूदा नेतृत्व व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया। सोमवार को इस बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। कई टीएमसी सांसद एक मेज के आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। इसमें सुखेंदु शेखर भी बैठे दिखाई दे रहे हैं। उस समय एक सांसद के फोटो खींचने पर विवाद भी हुआ।*

विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। पार्टी पूरी तरह बिखर गई है। लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। सांसद और टीएमसी की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। जल्द ही स्पीकर को पत्र भी भेज दिया जाएगा। इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर बैठक की। इस दौरान बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे। इस बैठक में लोकसभा सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी मौजूद रहे। लोकसभा में टीएमसी के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतब्रत को अपना नेता बनाया है।

### सुखेंदु का दावा- टीएमसी के लोग ममता से नाराज



टीएमसी के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। त्यागपत्र में उन्होंने ममता के 15 साल के अराजक शासन को पार्टी की हार का नतीजा बताया और भाजपा की तारीफ की थी। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने सुखेंदु शेखर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। सुखेंदु ने इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा था कि पार्टी के कई लोग ममता मनमाने ढंग से पार्टी चला रही थीं, इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2029 तक था। अब सीट खाली हो चुकी है, अब इस पर उपचुनाव कराया जा सकता है।



### पार्टी के भविष्य पर संकट

**3 जून को पार्टी के 80 में से 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया था**

**लोकसभा में 28 सांसद, 20 पार्टी छोड़ रहे, 8 पर भी संकट**

**राज्यसभा में 13 सांसद, 8 जून को सुखेंदु शेखर इस्तीफा दे चुके, 12 पर भी मंडराया खतरा**

### काकोली घोष ने कहा- लोकसभा में ही मैं चीफ व्हिप रहूंगी

काकोली घोष ने दावा किया कि वह अभी भी लोकसभा में पार्टी की मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला साथी सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि सांसदों ने एनडीए के साथ जाने का फैसला किया है। उनका मानना है कि यही जनता के जनादेश के अनुरूप है। काकोली ने 27 मई को टीएमसी छोड़ दी है, लेकिन सांसद पद से इस्तीफा नहीं दिया था। प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी को भेजे लेटर में काकोली ने लिखा था कि मानसिक संघर्ष और लंबे चिंतन के बाद यह फैसला लिया है।

**अवैध वसूली करने का आरोप**

## टीएमसी नेता जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को टीएमसी नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई।



समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी भी दी थी

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 एफआईआर की गई थीं। वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है। जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी। इसके कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है। जहांगीर ने 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी। दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं। 24 मई को आए नतीजे में जहांगीर की हार हुई। इसके बाद से जहांगीर लगभग गायब ही रहे।

**मिंडानाओ द्वीप के पास केंद्र**

## फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, 32 की मौत

**4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए**

**भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजकर 7 मिनट पर लगे झटके**




**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है।

### सैंटोर शहर में सबसे ज्यादा नुकसान

7 लाख से ज्यादा आबादी वाले बंदरगाह शहर जनरल सैंटोस में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां कई इमारतों में दरारें आ गईं, कुछ छोटी इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों के मुताबिक शहर में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई और करीब 130 लोग घायल हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### हरियाणवी कलाकार पेप्सी शर्मा का निधन



**चंडीगढ़।** हरियाणवी लोक कलाकार व रागनी गायक पेप्सी शर्मा का निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि अचानक सीने में दर्द उठने के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पेप्सी शर्मा 38 साल के थे। उनके 10 साल की बेटी और 7 साल का बेटा है। उनका असली नाम यशपाल शर्मा था।

**तेहरान ने लेबनान पर हमले का दिया कड़ा जवाब**

## ईरान का इजराइल पर हमला बोला-नहीं माने तो फिर करेंगे

एजेंसी ▶▶| तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। ईरान ने इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की है। तेहरान ने खुली चेतावनी दी है कि यदि इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि उनके देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और लोगों की शांति है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि ईरान अपने अधिकारों की रक्षा मजबूती से करेगा और किसी भी धमकी के सामने पीछे नहीं हटेगा। वहीं, दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है।

(पेज-6 भी देखें)



**राष्ट्रपति पजशकियान बोले, राष्ट्रीय सुरक्षा पहली प्राथमिकता न युद्ध से पीछे हटेंगे और न ही बातचीत से**

### होर्मुज पर तेल टैंकर में आग 24 भारतीयों का किया रेस्क्यू

होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को भारतीय नौसेना ने बचा लिया है। हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर भारतीयों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

**पहले 642 में मिलते थे 9, संख्या घटाई**

## अब उज्ज्वला योजना के तहत मिलेंगे सालाना 4 सिलेंडर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सालाना सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की रिफिल की संख्या 9 से घटाकर 4 कर दी है। यानी उज्ज्वला योजना के तहत 642 में अब सिर्फ 4 सिलेंडर ही मिलेंगे। मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। युद्ध की वजह से एलपीजी 46% तक महंगी हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है।



**661 करोड़ का आईडीएफसी-एयू बैंक घोटाला**

## दो आईएएस अफसरों को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी, खुलेंगे राज

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से जुड़े 661 करोड़ रुपये के कथित घोटाले की जांच में सीबीआई दो आईएएस अधिकारियों को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि इस अधिकारी के बयान से पूरे नेटवर्क और घोटाले की कार्यप्रणाली से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। जांच एजेंसी का मानना है कि सरकारी विभागों के बैंक खाते खुलवाने, फर्जी एफडीआर (एफडीआर) तैयार करने और सरकारी धन को विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया में कुछ अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

**सीबीआई ने बढ़ाया जांच का दायरा, कई इनपुट हाथ लगे**

### इनके नाम आए सामने

जांच में सामने आया है कि सरकारी विभागों के करोड़ों रुपये फर्जी एफडीआर के जरिए बैंकिंग सिस्टम में घुमाए गए और बाद में अलग-अलग खातों में भेजे गए। जांच के दायरे में आए अधिकारियों में मुहम्मद शाइन, पंकज अग्रवाल, विनीत गर्ग, आरके सिंह, प्रदीप कुमार, मनीराम शर्मा, साकेत कुमार डॉ. वैभव शर्मा के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। सरकार पहले ही इन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17ए के तहत जांच की अनुमति दे चुकी है।

**विशाखापट्टनम के स्टील प्लांट में हादसा**

## 1600 डिग्री पर पिघला लोहा गिरा, आठ मजदूर भस्म

**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600 डिग्री सेल्सियस तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया। हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

**क्रेन से ले जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से हादसा दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही**

**कई ट्रेनों का संचालन हुआ प्रभावित**

## कुरुक्षेत्र स्टेशन के पास पटरी से उतरे मालगाड़ी के 3 डिब्बे

**बिजली सप्लाई रही ठप डीरेलमेंट के कारण डिब्बों के पहियों को हुआ भारी नुकसान**



**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** कुरुक्षेत्र में सोमवार को एक मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गई। रेलवे स्टेशन के पास कैथल की ओर जा रही मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। हादसे के कारण ट्रैक की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। हालांकि, कोई गाड़ी कैंसिल नहीं हुई। इस घटना के करीब एक घंटे बाद सीएम रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से होकर कैथल की ओर स्थित अडाणी के साइलो (रेक), सोलू माजरा जा रही थी। दोपहर करीब 12 बजे उसके शुरुआती चार डिब्बों में से तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। डीरेलमेंट के कारण डिब्बों के पहियों को भारी नुकसान पहुंचा। कई पहिए पटरी छोड़कर जमीन में धंस गए, जबकि एक पहिया रेलवे लाइन के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गया।

**21 जून को होना है पेपर**

## अब हेलीकॉप्टरों से भेजे जाएंगे नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्न-पत्र!

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पेपरलीक के बाद 21 जून को फिर से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता एवं सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के लिए प्रश्न पत्र के पैकेट वायुसेना के मी-17 हेलिकॉप्टरों और अन्य विमानों की मदद से देशभर में भेजे जाएंगे। यह पहला ऐसा मौका होगा जब ऐतिहासिक रूप से भारत में किसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए वायुसेना के विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। अगले करीब दो से तीन दिन के अंदर संबंधित अभियान को लेकर हेलिकॉप्टरों की उड़ान का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिसमें यह चुनी हुई 18 लोकेशन से प्रश्नपत्र की कॉपियों को लेकर उन्हें सुरक्षित ढंग से वितरण और परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाएंगे। पेपर लीक के बाद 12 मई को रद्द हुई नीट की परीक्षा के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में वायुसेना से मामले पर लॉजिस्टिक सहयोग लेने को लेकर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया था।

**48 से 72 घंटे पहले चुनिंदा लोकेशन की तरफ भरेंगे उड़ान**






**भारत की सबसे बड़ी जीत**

### टेस्ट में अफगान को पारी और 300 रन से हराया

**न्यू चंडीगढ़।** भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी। मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए।

(विस्तृत खबर खेल पेज पर)

**राष्ट्रपति ने 51 जवानों को बांटे वीरता पुरस्कार**

## ऑपरेशन सिंदूर के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र, 3 आतंकी ढेर करने वाले कर्नल को शौर्य चक्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह में 7 कीर्ति चक्र, 15 वीर चक्र और 29 शौर्य चक्र प्रदान किए। सम्मान पाने वालों में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा भी रहे, जिन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वहीं, एलओसी पर 3 आतंकियों को मार गिराने वाले लेफ्टिनेंट कर्नल नितेश भारती शुक्ला भी शामिल है।



### लांस दफादार बलदेव चंद की मां-पत्नी ने लिया सम्मान

4 राष्ट्रीय राइफल्स के शहीद लांस दफादार बलदेव चंद को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह में यह वीरता पुरस्कार उनकी पत्नी और मां को प्रदान किया।

### मनीष ने आतंकी ठिकानों को किया ध्वस्त

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान उड़ाते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले में हिस्सा लिया था। इस अभियान में दिखाई गई बहादुरी के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। मनीष अरोड़ा इससे पहले शौर्य चक्र भी प्राप्त कर चुके हैं।

### इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट व रामेश्वर प्रसाद देशमुख

छत्तीसगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट और इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। दोनों अधिकारियों ने 16 अप्रैल 2024 को एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान का नेतृत्व किया था। नक्सलियों के हमले के बीच उन्होंने तीन घंटे से ज्यादा चली मुठभेड़ में मोर्चा संभाला, घायल जवानों को सुरक्षित निकाला और अभियान को सफल बनाया।

भर्ती बोर्ड की मानसिकता पर उठाया सवाल

### शादी का वादा कर दुष्कर्म का केस हुआ था दर्ज

# बिना शादी सहमति से संबंध खराब चरित्र का आधार नहीं हो सकता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि दो अविवाहित बालिगों के बीच सहमति से बने शारीरिक संबंध को किसी व्यक्ति के चरित्र पर सवाल उठाने का आधार नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है, जो दो बालिग और अविवाहित लोगों को पसंद का संबंध रखने से रोकता हो। रिश्ता टूटने को धोखा नहीं माना जा सकता। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह टिप्पणी तेलंगाना स्टेट लेवल पुलिस रिक्रूटमेंट बोर्ड के एक मामले की सुनवाई के दौरान की। बोर्ड ने आरोपी को नैतिक दोषी मानते हुए उसकी भर्ती रद्द कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कैंडिडेट को पुलिस में नियुक्ति देने का निर्देश दिया।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपराधिक कानून में तब तक निर्दोष मानने का सिद्धांत लागू होता है, जब तक कोर्ट में आरोप साबित न हो जाएं।
- इस मामले में आरोप धोखाधड़ी का था। धोखाधड़ी साबित करने के लिए यह दिखाना जरूरी होता है कि व्यक्ति को झबहाने से गुमराह किया।
- शिकायतकर्ता ही बता सकती थी कि क्या उसे धोखा देकर संबंध में लाया गया था।

#### यह है मामला

उम्मीदवार की नियुक्ति रद्द की गई थी क्योंकि उसके खिलाफ 2014 में शादी का वादा कर दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। भर्ती बोर्ड ने इसे नैतिक अधमता (मॉरल टरपिट्यूड) का मामला मानते हुए उसे अयोग्य ठहराया था। कैंडिडेट ने चुनौती दी थी। यह मामला एक असफल प्रेम संबंध से जुड़ा था। उम्मीदवार और शिकायतकर्ता पड़ोसी थे और करीब चार साल तक रिश्ते में रहे थे। उम्मीदवार पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। बाद में दोनों के बीच समझौता हो गया। 2015 में लोक अदालत में केस खत्म कर दिया था।

### वायुसेना ने एक्स पर जानकारी दी

# लद्दाख से तीन सैनिकों सहित पांच मरीज एयरलिफ्ट किए

**नई दिल्ली।** सेना के तीन जवानों सहित पांच गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बेहतर चिकित्सा के लिए लद्दाख से हवाई मार्ग से चंडीगढ़ लाया गया। वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह भी कहा कि अकेले लद्दाख सेक्टर में 2026 के दौरान हताहतों को निकालने के अभियानों के माध्यम से 143 लोगों की जान बचाई गई है। पश्चिमी वायु कमान ने चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले भूभाग और खराब मौसम की स्थिति के बावजूद लद्दाख से किए गए महत्वपूर्ण चिकित्सा निकासी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।



#### चंडीगढ़ लाए

वायुसेना ने बताया, '' बल ने लद्दाख से महत्वपूर्ण चिकित्सा निकासी अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें पांच गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए चंडीगढ़ ले जाया गया। इन मरीजों में सेना के तीन जवान और एक लद्दाखी नागरिक शामिल है। वायु सेना ने चिकित्सा निकासी अभियान की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।


वीडियो शेयर कर मांगा आशीर्वाद और बढ़ा विवाद

### उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात की घटना

# पत्नी को छोड़ सास के प्यार में पागल हुआ युवक, कोर्ट में रचा ली शादी

एजेंसी ▶▶| कानपुर

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले से सास और दामाद की शादी का अनोखा मामला सामने आया है। अकबरपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने पत्नी को छोड़कर अपनी ही सास से शादी कर ली। दोनों ने कानपुर नगर कोर्ट पहुंचकर कानूनी रूप से विवाह किया और बाद में इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया।



#### लोगों में जताई हैरानी

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नवविवाहित जोड़ा अपने रिश्ते को स्वीकार करते हुए लोगों से आशीर्वाद देने की अपील करता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में हैरानी फैल गई।

#### लंबे समय से संपर्क में था

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच काफी समय से प्रेम संबंध चल रहा था। बाद में दोनों ने परिवार और समाज की परवाह किए बिना साथ रहने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों कानपुर नगर कोर्ट पहुंचे और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शादी कर ली। रिपोर्ट्स के अनुसार दामाद अपनी सास को घर से लेकर गया था। इसके बाद दोनों की कोर्ट मैरिज की जानकारी सामने आई। वायरल वीडियो में दोनों ने मर्जी से शादी करने की बात कही है और साथ जीवन बिताने की इच्छा जताई है।

### आईआईटी के शोधकर्ताओं का दावा

# मानूसन में बढ़ सकता है गर्मी और उमस का दायरा

**नई दिल्ली।** अगर वैश्विक तापमान दो डिग्री सेल्सियस और बढ़ा, तो भारत में मानसून के समय पड़ने वाली भारी उमस और गर्मी के कारण लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। इससे गर्मियों के मौसम में होने वाली जानलेवा एवं असहनीय गर्मी का असर और अधिक समय तक बना रहेगा। इसे 'अनकंपेन्सबल हीट स्ट्रेस' (ओएचएस) कहा जाता है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गयी है। ''अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन एडवांसेज'' नामक पत्रिका में छपे निष्कर्षों में ''मानसून के मौसम (जुलाई-अक्टूबर) में असहनीय ताप के प्रकोप पर जोर दिया गया है।

#### बड़ी चुनौतियां

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर और यूएस के स्टैनफोर्ड और पर्ड्यू विश्वविद्यालयों के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि दोनों मौसमों –गर्मी व मानसून– में लंबे समय तक चलने वाला असहनीय 'हीट स्ट्रेस' घनी आबादी वाले और संवेदनशील इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य, श्रम उत्पादकता और जलवायु लचीलेपन के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

## दिल्ली होटल अग्निकांडः लेखाकार जय मिश्रा ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के होटल में आग लगाने की घटना में 22 लोगों की मौत के मामले में आरोपी जय मिश्रा ने सोमवार को यहां एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि होटल मालिक लवकेश बजाज के करीबी सहयोगी और लेखाकार मिश्रा के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई थी। होटल में सुरक्षा व्यवस्था न होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। फ्लोरिश स्टेज 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' में चार जून को लगी आग के बाद से ही मिश्रा जांचकर्ताओं की नजरों में था।

#### रसोइये की जमानत याचिका खारिज की

दिल्ली की अदालत ने होटल में लगी आग से जुड़े मामले में होटल के मालिक की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी। अदालत ने मामले में एक अन्य आरोपी रसोइए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट भानु प्रताप सिंह होटल मालिक लवकेश बजाज की हिरासत बढ़ाने की पुलिस की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

### इंडिया ब्लॉक की बैठक: 22 दलो के 27 नेता जुटे, पांच मुद्दों पर बनी सहमति

# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा, 'वोट लूट' पर सीजेआई को लिखेगा पत्र

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने सोमवार को एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को 'लाखों युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात करने' के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और कहा कि वह 'वोट लूट' को लेकर जल्द ही प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखेगा। गठबंधन ने यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में करीब ढाई घंटे की बैठक के बाद केंद्र सरकार सरकार से गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकारों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की बुलाने की मांग भी की। 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं ने यह सहमति भी जताई कि वे हर दो महीने पर बैठक करेंगे।




#### वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े ठाकरे और सोरेन

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख हेमंत सोरेन वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े थे। बैठक में उमर अब्दुल्ला, महबूबा, सरफराज अहमद, जॉन ब्रिटास समेत 27 नेता मौजूद रहे। भाकपा महासचिव डी. राजा, भाकपा (माले) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य, निर्दलीय रास सदस्य कपिल सिब्बल और कई अन्य दलों के नेताओं ने भाग लिया।

#### द्रमुक- आप ने बनाई दूरी

'आप' पहले ही सार्वजनिक रूप से इस गठबंधन से दूरी बना चुकी है जबकि द्रमुक ने तमिलनाडु में कांग्रेस द्वारा उससे संबंध तोड़कर टीवीके-नीत सरकार में शामिल होने के बाद बैठक का बहिष्कार करने का फैसला करने की घोषणा की थी।

#### सोनिया ने ममता को लगाया गले

सोनिया गांधी और ममता बनर्जी ने बैठक के शुरू होने पर मिलते ही एक दूसरे को गले लगाया और एक दूसरे का हाल चाल जाना।

- 'वोट लूट', एसआईआर, मतदाता सूची में हेरफेर तथा चुनावों की निष्पक्षता पर उठे गंभीर प्रश्नों के संबंध में भारत के प्रधान न्यायाधीश को एक पत्र भेजा जाएगा।
- नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में शामिल लाखों युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ। शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा
- वर्तमान गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों व जनसरोकार से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए केंद्र को तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।
- अगली बैठक हैदराबाद में 8 अगस्त को होगी। हर दो महीने में गठबंधन दल की बैठक होगी
- संसद के मानसून सत्र के दौरान संसदीय समन्वय जारी रहेगा और प्रतिदिन प्रात:काल खरगे के कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।

# थम नहीं रहीं दीदी की मुश्किलें, अब छोड़ना होगा पार्टी का मुख्यालय



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने नई मुश्किल खड़ी हो गई है। खबर है कि तृणमूल कांग्रेस का मुख्यायल जिस भवन में है, उसके मालिक ने पार्टी से जगह खाली करने के लिए कहा है। इस संबंध में पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। खास बात है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब टीएमसी में बगावत जारी है और विधायक पहले ही दो गुट तैयार कर चुके हैं। टीएमसी के मौजूद मुख्यालय का पता ए/पी-1/ए कैनाल साउथ है।

- कोलकाता में मकान मालिक का अल्टीमेटम

#### तीन मामलों की हो रही है जांच

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यहां के संपत्ति मालिक मोंटू साहा है और वह चाहते हैं कि टीएमसी उनकी संपत्ति को खाली कर दे। उनका कहना है कि टीएमसी के साथ कराया गया समझौता साल 2025 में ही खत्म हो गया है और वह पार्टी से लंबे समय से जगह खाली करने के लिए कह रहे हैं, लेकिन उसपर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जगह खाली नहीं करने को लेकर जारी विवाद के बाद साहा अपने बेटे अमित के साथ रविवार को प्रॉपर्टी पर पहुंचे थे। वह टीएमसी नेताओं से बात करने पहुंचे थे, लेकिन वहां कोई भी पदाधिकारी मौजूद नहीं था। ऐसे में उन्होंने पुलिस का रुख किया है।

## ऋतब्रत को नेता प्रतिपक्ष बनाने को चुनौती दी

**कोलकाता।** बंगाल की राजनीति में उथल-पुथल के बीच टीएमसी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंची है। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्रनाथ बोस के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें ऋतब्रत बेनर्जी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी है। इस पर 11 जून को सुनवाई होगी।





THE INDIAN NAVY 10+2 (B.TECH) CADET ENTRY SCHEME (PERMANENT COMMISSION)

COURSE COMMENCING – JAN 2027

Scan this QR Code to Apply Online

Applications are invited from unmarried men and women candidates (fulfilling the conditions of nationality as laid down by the Govt. of India) for becoming Permanent Commissioned Officers in Technical branches under 10+2 B Tech Cadet Entry Scheme after undergoing four year B Tech course at the prestigious Indian Naval Academy, Ezhimala


DATE OF OPENING – 29 May 2026 | LAST DATE FOR ONLINE APPLICATION – 18 Jun 2026


Vacancies & Age: The age eligibility & vacancies for the course are as under:-

| Branch | Vacancy | Gender | Age |
|---|---|---|---|
| Electronics & Communication Engineering | 30 | Men & Women (Maximum of 08 Vacancies for women, 04 each for Mechanical Engg and Electronics & Communication Engg) | Born between 02 Jul 2007 and 01 Jan 2010 (both dates inclusive) |
| Mechanical Engineering | 30 | | |

Educational Qualification. Passed Senior Secondary Examination (10+2 Pattern) or its equivalent examination from any recognised Board with at least 70% aggregate marks in Physics, Chemistry and Mathematics (PCM) and at least 50% marks in English (either in Class X or Class XII).









CBC 10701/13/0012/2627


For eligibility criteria and details visit www.joinindiannavy.gov.in

Safeguarding Seas for a Viksit Samriddha Bharat

## चिंतन

# ममता के सामने अब तक का सबसे बड़ा संकट

जिस तृणमूल कांग्रेस को अब तक भाजपा के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज समझा जाता था और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरे राजग को अकेले ही जवाब देती हुई नजर आती थी। अब विधानसभा चुनाव में हार के बाद लगता है कि वह महज दिखावा ही था। असल में तृणमूल के 'तृण' और 'मूल' बिखर चुके थे। सिर्फ एक विधानसभा चुनाव की हार ने पार्टी की इस हालत को खोलकर रख दिया है कि उसमें भीतरी तौर पर कितना असंतोष है। सबसे बड़ी बात यह है कि जमीनी स्तर से उच्चस्तर तक यह असंतोष दिखाई दे रहा है। यह ममता के सामने अब तक का सबसे बड़ा सियासी संकट हैं। टीएमसी के 50 से ज्यादा विधायक, 20 लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद पार्टी नेतृत्व से नाराज होकर बगावती तेवर अपना चुके हैं। इनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। ममता बनर्जी ने 15 साल से जिस ठसक से पश्चिम बंगाल को चलाया है। वह ठसक अब धरी की धरी ही रह गई है। वहीं, बगावती तेवर अपनाने वाले पार्टी नेताओं में ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गुस्सा है। इसके कारण ही पार्टी की यह दशा होने जा रही है। ममता के सामने अब अपने संगठन को एकजुट करने की सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि ममता संघर्ष और जुझारूपन से उभरी हुई नेता हैं। इसलिए उन्हें कमजोर तो नहीं माना जा सकता, लेकिन उम्र का भी एक तकाजा होता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक एक अजेय शक्ति के रूप में दिखाई देने वाली ममता आज अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर का सामना करती नजर आ रही हैं। राजनीति में जीत कई कमजोरियों पर पर्दा डाल देती है, लेकिन हार उन सभी दरारों को सामने ले आती है जिन्हें नेतृत्व लंबे समय तक नजरअंदाज करता रहा हो। तृणमूल कांग्रेस के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिखाई दे रहा है। यदि बड़ी संख्या में विधायक और सांसद पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट होकर बगावती तेवर अपना रहे हैं, तो यह केवल चुनावी हार का परिणाम नहीं है। यह उस असंतोष का विस्फोट है जो वर्षों से संगठन के भीतर जमा होता रहा होगा। किसी भी राजनीतिक दल के लिए सबसे बड़ा खतरा विपक्ष नहीं, बल्कि उसका आंतरिक विघटन होता है। आज टीएमसी उसी चुनौती के सामने खड़ी है। चुनावी हार के बाद वही दबा हुआ असंतोष अब खुलकर सामने आ रहा है। यदि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर असंतोष है, तो यह केवल व्यक्तियों का विवाद नहीं बल्कि संगठनात्मक संतुलन का प्रश्न है। ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह पार्टी को एकजुट रखते हुए नेतृत्व पर उठ रहे सवालों का समाधान करें। ममता ने जिस तरह से टीएमसी को खड़ा किया था वह अपने आप में एक सफलता की कहानी रही है। हालांकि बंगाल में वामपंथियों की कोई पार्टी नहीं बची। यही हाल अब तृणमूल का भी होने जा रहा है। एक विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी का इस तरह से बिखर जाना ममता के लिए एक बड़ा सबक है। यह भाजपा को भी इससे सबक लेना होगा। उसे अब टीएमसी की कमियों को दूर कर सरकार चलानी होगी और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। प्रदेश में लोगों को भीतर से जोड़ना होगा। बंगाल का इतिहास रहा है कि जो पार्टी एक बार हार गई वह दोबारा सत्ता में नहीं आई। चाहे उसमें वाम दल हों, कांग्रेस हो या अब तृणमूल कांग्रेस।



## टीएमसी में टूट

अखिलेश आर्येन्दु

पश्चिम बंगाल में हुए हालिया चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। टीएमसी की हार के बाद राजनीति के जानकार कहने लगे थे कि अब बंगाल में 15 साल तक सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी को ऐसे खराब दिन भी देखने पड़ सकते हैं कि जब उसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट होगा। महज एक महीने में ही पार्टी में ऐसा बिखराव शुरू हुआ कि ममता बनर्जी की लाख कोशिशों के बावजूद पार्टी लगातार टूटती जा रही है। ऐसा कहा जाने लगा है कि तृणमूल में कुछ मूल बचेगा भी या नहीं? नेताओं का अंदरूनी असंतोष पार्टी को लगातार तोड़ने का काम कर रहा है।

# 'मूल' की दिक्कत या अस्तित्व का सवाल

कहते हैं वर्तमान को देख कर भविष्य के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। यह कहावत तृणमूल कांग्रेस पर सटीक साबित हो रही है। पश्चिम बंगाल में हुए हालिया चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। टीएमसी के हार के बाद राजनीति के जानकार कहने लगे थे कि अब पश्चिम बंगाल में 15 साल तक सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी के लिए खराब दिन भी देखने पड़ सकते हैं जब उसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट होगा। महज एक महीने में ही पार्टी में ऐसा बिखराव शुरू हुआ कि ममता बनर्जी की लाख कोशिशों के बावजूद पार्टी लगातार बिखरती जा रही है। ऐसा कहा जाने लगा है कि तृणमूल में कुछ मूल बचेगा भी कि नहीं? गौरतलब है पार्टी के 58 विधायकों ने विधानसभा स्पीकर को प्रस्ताव सौंपकर ऋतव्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता और अलग विधायक दल के रूप में मान्यता देने की मांग की है। यही नहीं, तकरीबन 20 लोकसभा और राज्य सभा के कुछ सांसद भी बागी गुट के साथ साफ तौर पर आने की बात कह चुके हैं। एक राज्यसभा सांसद ने तो इस्तीफा भी दे दिया है। पश्चिम बंगाल में कभी राजनीति के चर्चित चेहरा रहे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के सहयोगी सुखेंद्र शेखर राय का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस बख्तरबंद की ओर बढ़ रही है। उनका मानना है कि तृणमूल के हारने की वजह कई है, लेकिन सवाल महज हारने का नहीं है, बल्कि यह अपने विचारों से ही भटक गई है। वे मानते हैं कि तृणमूल में वामपंथ की शून्यता, कम्युनिष्ट पार्टी का व्यापक बोल बाला और वैश्वीकरण के अपने मूल लक्ष्य से ही पार्टी अलग हो चुकी है। जिन वजहों से पार्टी की हार हुई है पार्टी उन्हें स्वीकारने के लिए ही तैयार नही है। ऐसे में पार्टी का अस्तित्व बच पाए, तो बहुत बड़ी बात है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल की राजनीति में कोई क्षेत्रीय दल दशकों तक टिक नहीं पाया। कम्युनिष्ट पार्टी ही सबसे ज्यादा समय तक सत्ता पर काबिज रही, लेकिन 15 साल पहले जब इसकी करारी हार हुई और तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई, वामपंथ फिर बंगाल में लौट नहीं सका। जाहिर है तृणमूल की करारी हार महज सत्ता विरोधी लहर का नतीजा नहीं है, बल्कि वहां की जनता का गुस्सा है जो 15 सालों से पककर फूटा। यह हार महज किसी क्षेत्रीय पार्टी की हार नहीं है, बल्कि कुशासन, तानाशाही, गुंडागर्दी, संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने, सत्ता का अहंकार और हिंदुओं का चुन-चुन कर उत्पीड़न का परिणाम है। सत्ता पाकर कोई व्यक्ति या दल किस तरह खुद को सबसे बड़ा और तानाशाह समझने लगता है, यह तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य और जनता के साथ बर्ताव में देखा जा सकता है। पिछले 15 वर्षों में ममता की नेतृत्व वाली सरकार ने हर क्षेत्र में अपनी मनमानी दिखाई। लोकतंत्र और संविधान का राग अलापने वाली ममता ने पार्टी और शासन को जैसा चाहा, वैसा चलाया, जब कि जैसा एक निष्पक्ष और सर्वहितकारी शासन जैसा होना चाहिए वैसा नहीं होने दिया। आतंक, गुंडागर्दी, माफिया गुटों को संरक्षण और सांप्रदायिकता का जहर फैलाना पश्चिम बंगाल शासन में आम बात थी। वहां कि जनता ही ममता और अभिषेक से त्रस्त्र नहीं थी, बल्कि तृणमूल के नेता, विधायक और जमीनी कैडर भी परेशान थे।



टीएमसी की हार के बाद सत्ता जैसे ही हाथ से फिसली वैसे ही पार्टी का आंतरिक और बाहरी कलह खुलकर सामने आ गई। जिसे ममता या उनके भतीजे के संभालते नहीं संभल रहा है। ममता ने पार्टी के बिखराव को रोकने और आत्ममंथन के नाम पर पश्चिम बंगाल की सभी संगठनात्मक समितियों और फ्रंटल संगठनों को भंग कर दिया है, लेकिन उससे बगावत करने वालों पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। न बगावती मनाने से मान रहे हैं और न तो समझाने का उन पर कोई असर दिख रहा है। बगावतियों का कहना है कि पार्टी तानाशाही और एकाधिकारी वादी ढर्रे पर चल रही है, जहां उनका कोई सम्मान नहीं है। दरअसल, क्षेत्रीय दलों में सत्ता का बागडोर एक-दो व्यक्तियों के हाथ में होती है। जिससे धीरे-धीरे पार्टी के योग्य व्यक्तियों में असंतोष पैदा होता है, लेकिन परिवारी पार्टी होने की वजह से इस असंतोष को पार्टी के साथ गद्दारी कहकर दबा दिया जाता है। इसका उदाहरण सपा, बसपा, शिवसेना और तृणमूल में हम देख सकते हैं। तृणमूल में जिस शुभेन्दु अधिकारी की आवाज और उनकी योग्यता को दर किनार करके ममता ने अपने भतीजे अभिषेक को आगे कर पार्टी की बागडोर सौंप दी, उस बगावती शुभेन्दु अधिकारी ने उनके ही चुनाव क्षेत्र से हराया ही नहीं, बल्कि सत्ता से बेदखल कर मुख्यमंत्री भी बन बैठे। देखने की बात यह है कि इसके बाद भी ममता को अभी भतीजा मोह परेशान किए जा रहा है। वे अपनी ही पार्टी के समर्पित कार्य-कर्ताओं की उपेक्षा ही नहीं कर रही हैं, बल्कि भतीजे के कहने पर ही सभी तरह का निर्णय ले रही हैं। क्षेत्रीय दलों का यह सबसे बड़ा दोष है-सत्ता के अलावा उनकी सोच का दायरा कभी आगे बढ़ता ही नहीं है। सपा और बसपा इसके बड़े उदाहरण हैं। दोनों कहने के लिए एक खास विचारधारा के साथ पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन न लोहिया कहीं नजर आते हैं और न ही आंबेडकर। न संविधान के पहुरुआ वाला रूप नजर आता है और न तो लोकतंत्र की रक्षा वाला ढंग ही कहीं नजर आता है, बल्कि वक्त-दर-वक्त उस कांग्रेस के साथ गलबहियां करते रहते हैं, जिस कांग्रेस के विरोध के फलस्वरूप ये पार्टियां अस्तित्व में आईं थीं। यही हाल ममता का है। जिस विचारधारा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा और जनहित सर्वोपरि का नारा दे ममता सत्ता में आईं थीं वे नारे और विचारधारा सत्ता में आते ही फुर्र हो गए थे। जाहिर तौर पर पं.बंगाल में भ्रष्टाचार, शोषण, अन्याय, हिंसा, सांप्रदायिकता को बढ़ाने के बहुसूत्रीय कार्य को बढ़ावा देने का कार्य ममता सरकार ने किया, जिसका परिणाम ममता और अभिषेक बनर्जी की हार के रूप में सामने आया। कहते हैं व्यक्ति हो, परिवार हो या कोई संस्था-दल हो, जब वह चिंतन से विमुख हो हित-अहित, न्याय-अन्याय, धर्म-अधर्म और नैतिकता-अनैतिकता में अंतर करना भूल जाता है, तब उसके पतन के दिन प्रारंभ हो जाते हैं। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस आई और वामपंथियों के पतन का सबसे बड़ा कारण यही रहा। जब अपना दोष दूसरों पर या अपनी कमी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ा जाने लगे, तब उस व्यक्ति, समाज या दल के पतन को कोई नहीं रोक सकता है। तृणमूल के पतन या अस्तित्व खत्म होने की भविष्यवाणी करने वालों का चिंतन और अनुभव कहता है कि पार्टी यदि एकाधिकारीवादी प्रवृत्ति से उपर यदि नहीं उठ पाई तो, तृणमूल के अस्तित्व को बनाए रखना मुश्किल होगा। इतना तो साफ हो गया है कि ममता दीदी के दिन अब लद गए हैं। भाजपा को अपना प्रथम-शत्रु घोषित करने वाली ममता को बंगाल के लोग यदि सांप्रदायिकता और अधर्म की प्रतीक बताकर गालियां देते दिखाई दे रहे हैं-जबकि अब उनकी सत्ता नहीं है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि वहां जनता कितनी त्रस्त, परेशान और बदहाल थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## त्रिभाषा फार्मूला

डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति



# समावेशी विकास या फिर मानसिक बोझ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ 2023) के लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से 9 तक त्रिभाषा सूत्र को समग्रता से लागू करने का निर्णय भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में भाषा केवल संवाद या विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं होती यह ज्ञान, संस्कृति, राष्ट्रीय अस्मिता और मनुष्य की सोचने-समझने की मौलिक क्षमता के विकास का आधार होती है। यही कारण है कि प्रतिष्ठित संस्थाओं और देश के प्रख्यात शिक्षाविदों ने सीबीएसई के इस निर्णय को प्रशंसनीय बताया है। इसके विपरीत महानगरों के कुछ छात्रों और उनके अभिभावकों द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत में इस नीति के खिलाफ जनहित याचिका दायर करना और इसे 'मानसिक बोझ' बता देना एक नए वैचारिक टकराव को जन्म देता है। इस स्थिति को समझने के लिए हमें इस विषय के व्यावहारिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं का गहराई से विश्लेषण करना होगा। दुनिया के मानचित्र पर यदि हम चीन, जापान, रूस, जर्मनी, फ्रांस व ब्राजील जैसे विकसित और विकासशील देशों पर दृष्टि डालेंतो अनुभव होता है कि इन सभी राष्ट्रों ने अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा का पूरा ढांचा अपनी मातृभाषा या अपनी राष्ट्रीय भाषाओं पर ही केंद्रित रखा है। यूनेस्को जैसी वैश्विक संस्था भी लगातार इस बात जोर दे रही है कि बच्चों को उनकी शुरुआती कक्षाओं में मातृभाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए। जिससे उनकी सोचने और समझने की मौलिक शक्ति का ह्रास नहीं होता। जब दुनिया के विकसित देश अपनी भाषाओं के माध्यम से विज्ञान, तकनीक और चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकते हैं तो भारत में इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? एक बड़ा प्रश्न यह भी उठता है कि जब हमारे देश का एक विशिष्ट वर्ग बच्चों पर छोटी उम्र से ही विदेशी भाषाएं सीखने या पूरी शिक्षा विदेशी भाषा के माध्यम से ग्रहण करने का दबाव बनाता है तब उन्हें कोई 'मानसिक बोझ' दिखाई नहीं देता, लेकिन जैसे ही बच्चों को मातृभाषा के साथ-साथ दो अन्य भारतीय भाषाएं सीखने का विकल्प दिया जाता है तो उसे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बताकर न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया जाने लगता है। जब कोई छात्र अपने ही देश की किसी दूसरी भाषा को सीखता है तो वह केवल भाषा नहीं सीखता, बल्कि उस राज्य के इतिहास, लोक-साहित्य, परंपराओं और वहां के जनजीवन से जुड़ता है। एक उत्तर भारतीय छात्र का तमिल, तेलुगु, ओड़िया या मराठी सीखनाया एक दक्षिण भारतीय छात्र का हिंदी, संस्कृत या बांग्ला सीखना केवल एक अतिरिक्त विषय पढ़ना नहीं है यह उस पुल का निर्माण करना है जो दिलों को जोड़ता है। यह नीति 'अनेक भाषाएं एक भारत-समृद्ध भारत समर्थ भारत' को चरितार्थ करती है जो भारत को समस्त विश्व में एक नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस 'मानसिक बोझ' के मिथक को यदि आधुनिक भाषा विज्ञान और न्यूरोसाइंस से समझा जाए, तो यह पूरी तरह से एक काल्पनिक और वैज्ञानिक आधार से परे का कुतर्क साबित होता है। इस गहरी समानता के कारण एक भारतीय छात्र के लिए अपने ही देश की किसी दूसरी क्षेत्रीय या शास्त्रीय भाषा को सीखना किसी बिल्कुल अनजानी विदेशी भाषा जैसे फ्रेंच, जर्मन को सीखने की तुलना में बहुत आसान सुगम और स्वाभाविक होता है। तीन भाषाओं के अध्ययन को एक 'अतिरिक्त बोझ' के रूप में प्रचारित करना वास्तव में हमारे बच्चों की सीखने की प्राकृतिक और असीम क्षमता को कम आंकने जैसा है। यदि हम भारत के विभिन्न राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्डों को देखें तो पाएंगे कि देश के अधिकांश राज्यों में कक्षा 6 से 10 तक त्रिभाषा सूत्र पहले से ही सफलतापूर्वक और बिना किसी व्यवधान के चल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण के कई राज्यों के सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रामीण और सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्र अंग्रेजी और अपनी राज्य की मुख्य भाषा के साथ-साथ एक अन्य भारतीय भाषा (प्रायः हिंदी संस्कृत या कोई क्षेत्रीय भाषा) का अध्ययन दशकों से कर रहे हैं। इन करोड़ों छात्रों को कभी तीन भाषाएं पढ़ने में कोई कठिनाई या मानसिक तनाव महसूस नहीं हुआ और न ही इससे उनकी शैक्षणिक प्रगति में कोई बाधा आई। अनेक भाषाएं, एक भारत के इसी मूल मंत्र को अपनाकर ही हम एक सांस्कृतिक रूप से सजग मानसिक रूप से सुदृढ़ और दुनिया के सामने आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

(लेखिक हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना?



संकलित

## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# दान की बड़ी महिमा



संकलित

## प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था।राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। मनुष्य भी जीवन भर संपत्तियों का संचय करता है। संपत्ति संचय के लिए तरह-तरह के पैतरे अपनाता है पर अंततः जब मृत्य आती है तो संचय की गई संपत्ति यही छोड़कर जाना पड़ता है। उस संचित संपत्ति पर परिवार के सदस्यों का हक होता है। इसी जरूरत से ज्यादा संपत्ति के संचय से बचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- महेश शर्मा, सोनीपत*

## ट्रेंड

### संविधान पर हमले जारी



संविधान पर हमले जारी हैं। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। आर्थिक माहौल कमजोर है। निवेश अपेक्षित गति से नहीं आ रहा, रोजगार पर असर पड़ रहा है। **-मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### स्वार्थी भाजपा में जा रहे



साल 2024 में इन सांसदों ने टीएमसी के टिकट पर जीत दर्ज की थी और यह जनादेश एनडीए के लिए नहीं था। पीली पतलून वाले जितने भी लालची और स्वार्थी हैं, वे अब बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। यूसुफ पठान थोड़ी हिम्मत दिखाइए, हमारे जिले ने आपको भारी बहुमत से जिताया है, इसलिए थोड़ी शर्म दिखाइए। **-महुआ मोइत्रा**, सांसद टीएमसी

### अवैध शिकार में शामिल



पश्चिम बंगाल चुनाव का (भाजपा प्रभारी के तौर पर) काम देखने वाले केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 'अवैध शिकार' में शामिल हुए हैं। इन मंत्री का विशेष काम शिकारियों को पकड़वाना और अवैध शिकार को रोकना है, न कि खुद ऐसा करना।
**-जयराम रमेश**, कांग्रेस महासचिव

### टीम को मानकों पर परखें



अब समय आ गया है कि टीम को 'बदलाव के दौर' में बताने के बजाय टेस्ट क्रिकेट के मानकों पर परखा जाए। हाल के टेस्ट नतीजों को देखें तो गेंदबाजों ने काम काफी हद तक किया, लेकिन बल्लेबाजों को, अनुशासन व बेहतर तकनीक दिखाने की जरूरत है।
**-सुनील गावस्कर**, पूर्व कप्तान, क्रिकेट

## करंट अफेयर

# सजा पूर्ण पर बांग्लादेश की जेलों में बंद 150 भारतीय



लगभग 150 भारतीय अपनी जेल की सजा पूरी करने के बावजूद अब भी बांग्लादेश की जेलों में बंद हैं, क्योंकि प्रक्रिया से संबंधित देरी के कारण उनकी स्वदेश वापसी नहीं हो पा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक जेल अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि छह महीने पहले प्रकाशित जेल आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश की जेलों में 152 विदेशी कैदी बंद हैं, जिनमें 148 भारतीय शामिल हैं। ये सभी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, फिर भी जेल में हैं।अधिकारी ने कहा कि इनमें से कई विदेशी कैदियों ने वर्षों पहले अपनी सजा पूरी कर ली थी, लेकिन पहचान सत्यापन की प्रक्रिया, नौकरशाही से जुड़ीं अड़चनों और राजनयिक स्तर पर निष्क्रियता के कारण इनकी रिहाई और वापसी में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में इन भारतीय को अवैध रूप से सीमा पार करने जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। न्यूज पोर्टल ने खबर दी कि दक्षिण-पश्चिमी शरियतपुर जिला जेल में ही 17 भारतीय कैदी अपनी सजा पूरी करने के बावजूद अब भी बंद हैं। जेल अधिकारियों के अनुसार, उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है।

## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी



ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

- 11 जून से सजेगा फुटबॉल का सबसे बड़ा रंगमंच, टूटेंगे पुराने रिकॉर्ड
- अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 39 दिनों तक मचेगा फुटबॉल का घमासान
- 16 स्टेडियम में पहली बार ट्रिपल होस्टिंग का अनोखा रोमांच

# फुटबॉल का 'मेगा शो', 3 देश, 48 टीमें और 104 मैच



एजेंसी ▶▶| न्यू जर्सी

अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 11 जून से शुरू होने वाला फुटबॉल विश्व कप अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा, जिसमें पहली बार 48 टीम भाग लेंगी और इसमें 104 मैच खेले जाएंगे।

यह टूर्नामेंट 39 दिन तक चलेगा और इसे 16 स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले विश्व कप में 32 टीम भाग लेती थी और यह पहला अवसर है जबकि इस टूर्नामेंट में 48 टीम शामिल हैं। इससे पहले विश्व कप में टीमों की संख्या 1998 में बढ़ाई गई थी। इसके अलावा यह पहला अवसर है जबकि तीन देश मिलकर विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। इससे पहले 2002 में जापान और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त रूप से विश्व कप की मेजबानी की थी।

## अमेरिका में खेला जाएगा फाइनल

विश्व कप अमेरिका के 11, मेक्सिको के 3 और कनाडा के 2 स्थलों पर खेला जाएगा। मेक्सिको 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिनमें 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेजबान टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला उद्घाटन मैच और नॉकआउट दौर के तीन मैच शामिल हैं। कनाडा में भी कुल 13 मैच होंगे, जिनमें से पहला मैच मेजबान टीम और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच 12 जून को टोरंटो में होगा। कनाडा में तीन नॉकआउट मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 78 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। अमेरिका में पहला मैच 12 जून को लॉस एंजिलिस में अमेरिका और पराग्वे के बीच खेला जाएगा। अमेरिका में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे।

## विश्व कप से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े

### रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी होंगे शामिल

48 टीम में रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 71 देशों के 449 घरेलू क्लबों से आए हैं। इनमें 357 खिलाड़ी विश्व कप में पहले खेल चुके हैं, जबकि 891 खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इंग्लैंड के क्लबों में खेलने वाले सर्वाधिक 200 खिलाड़ी विश्व कप में अपना जलवा दिखाएंगे। इसके बाद जर्मनी (109)), फ्रांस (86), स्पेन (86), इटली (71) और सऊदी अरब (49) का स्थान आता है। प्रीमियर लीग की टीम मैनचेस्टर सिटी के सर्वाधिक 19 खिलाड़ी विश्व कप में भाग लेंगे। उसके बाद बायर्न म्यूनिख (18), चैंपियंस लीग के फाइनलिस्ट पेरिस सेंट-जर्मेन और आर्सेनल (16) और बार्सिलोना ((15) का नंबर आता है।




### केवल आठ देशों ने जीता विश्व कप

केवल आठ देशों ने विश्व कप जीता है, जिनमें से छह टीमों ने एक से अधिक खिताब जीते हैं। ब्राजील पांच खिताब के साथ सबसे आगे है। केवल दो देशों ने ही लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। पेले के नेतृत्व में ब्राजील ने 1958 और 1962 में खिताब जीता था, जबकि इटली ने 1934 और 1938 में खिताब अपने नाम किया था।

### 23वीं बार ब्राजील लेगा हिस्सा

ब्राज़ील एकमात्र ऐसा देश है जिसने 1930 में उरुग्वे में शुरू हुए विश्व कप से लेकर अब तक सभी विश्व कप में भाग लिया है। ब्राज़ील 76 जीत, 237 गोल और 129-0 के गोल अंतर के साथ सभी देशों में सबसे आगे है। पहले 22 विश्व कप में 964 मैचों में 2,720 गोल किए गए हैं।

### खिलाड़ियों में 25 साल का अंतर

सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के बीच 25 साल से अधिक का अंतर है। स्कॉटलैंड के गोलकीपर क्रेग गॉर्डन टूर्नामेंट के पहले दिन 43 साल और 162 दिन, जबकि मैक्सिको के गिल्बर्ट मोरा 17 साल और 240 दिन के होंगे।

### फ्रांस करेगा लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने की कोशिश

फ्रांस लगातार तीन फाइनल में पहुंचने वाला तीसरा देश बनने की कोशिश करेगा। इससे पहले उसने 2018 में खिताब जीता था लेकिन 2022 में वह हार गया था। पश्चिम जर्मनी 1982 और 1986 में फाइनल हार गया था, जिसके बाद उसने 1990 में अर्जेंटीना को हराया था। ब्राजील ने 1994 और 2002 में जीत हासिल की थी, जबकि 1998 में उसे फ्रांस से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

## रोनाल्डो ने खेले अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच



पुर्तगाल के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में भाग लेने वाले पहले खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं। मेस्सी ने अपने करियर में विश्व कप के सबसे अधिक 26 मैच खेले हैं और वह 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने से केवल दो मैच दूर हैं।

**टूट सकता है क्लोज का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड** : जर्मनी के लिए मिरोस्लाव क्लोज़ का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है। मेस्सी ने विश्व कप में 13 गोल किए हैं और वह क्लोज़, ब्राज़ील के स्टार रोनाल्डो (15) और गेर्ड मुलर (14) से ही पीछे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-445, दिनांक 05.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना।** सीनि. डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-445, कार्य का नाम:** 3 वर्षों की अवधि के लिए दैनिक सफाई एवं संचालन के लिए एमएलडीटी, एसबीजी, सीएलजी, बीजीपी, जेएमपी, मुंगेर, एसबीआरपी, एसबीओ स्टेशनों में स्वचालित सीढ़ियों तथा लिफ्टों की मैनिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 3,01,72,809.10; **बयाना राशि:** रु. 3,00,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 22.06.2026 से 06.07.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** www.ireps.gov.in तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(MLD-80/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रन से हराया, 8 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त

# 3 दिन में अफगानिस्तान ने टेके घुटने, भारत की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में तीसरे ही दिन सोमवार को एक पारी और 300 रन से हरा दिया और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार का पदार्पण मैच में यादगार प्रदर्शन मेजबान के लिए इस मैच की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहली पारी में सुथार के 6 विकेट के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को 152 रन पर आउट कर दिया था।

दूसरी पारी में अफगानिस्तान की टीम 35.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट चटकाए। भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिए राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए।




### अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक

अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय स्पिनरों ने उनके गैर जिम्मेदाराना शॉट चयन का पूरा फायदा उठाया। पहली पारी की गलतियों से भी अफगान बल्लेबाजों ने सबक नहीं सीखा और दूसरी पारी में प्रदर्शन और खराब रहा। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (42) चाय से पहले आखिरी गेंद पर आउट हुए। अटल ने वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में मोहम्मद सिराज को आसान कैच दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज (24) ने कुलदीप की गेंद पर हवाई शॉट खेला और लांग आन सीमा पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह (13) ने सुंदर की गेंद पर सुतार को कैच थमाया। सुथार ने सुबह जब पारी में 5 विकेट पूरे किए तो यह कारनामा देखने के लिए मैदान पर बमुश्किल 500 दर्शक थे।

### टेस्ट डेब्यू के पहले ओवर में विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

| | |
|---|---|
| मोंटू बनर्जी बनाम वेस्टइंडीज | (1948) |
| मनोहर हार्दिकर बनाम वेस्टइंडीज | (1958) |
| वमन कुमार बनाम पाकिस्तान | (1961) |
| चेतन शर्मा बनाम पाकिस्तान | (1984) |
| डब्ल्यूवी रमन बनाम वेस्टइंडीज | (1988) |
| नीलेश कुलकर्णी बनाम श्रीलंका | (1997) |
| टिनू योहानन बनाम इंग्लैंड | (2001) |
| मानव सुथार बनाम अफगानिस्तान | (2026) |

### एक पारी में 5 विकेट लेने वाले दसवें गेंदबाज बने सुथार

मैच के नायक राजस्थान के श्रीगंगानगर के बाएं हाथ के स्पिनर सुथार रहे। पदार्पण में एक पारी के 5 विकेट चटकाने वाले वह भारत के दसवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन से भविष्य में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा कर दिया। भारत के पास टर्निंग पिचों पर विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन 23 वर्ष के सुथार ने दिखा दिया कि वह सपाट पिचों पर भी विकेट ले सकते हैं।

## राही ने मनु को पछाड़ा, एशियाई खेलों के लिए ठोकी दावेदारी

एजेंसी ▶▶| देहरादून



एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल-4 (टी4) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ट्रायल का आयोजन भारत की एशियाई खेलों की निशानेबाजी टीम के चयन के लिए किया जा रहा है। ओलंपियन राही पूरे फाइनल के दौरान लय में नजर आईं। उन्होंने 37 निशाने के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया। मनु भाकर 35 निशाने के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस ने 29 निशाने के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

**22 निशाने के साथ पांचवें स्थान पर रिदम:** तमिलनाडु की निवेदिता वी. नायर 24 निशाने के साथ चौथे स्थान पर रहीं। ओलंपियन रिदम सांगवान 22 निशाने के साथ पांचवें स्थान पर रहीं जबकि पंजाब की अर्शदीप कौर ने 18 निशाने के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की अभिद्न्या अशोक पाटिल 13 निशाने के साथ सातवें स्थान पर रहीं, जबकि क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की चिंकी यादव फाइनल में नौ हिट्स के साथ आठवें स्थान पर खिसक गईं। मनु क्वालीफिकेशन में दूसरे (584) जबकि अर्शदीप कौर और राही सरनोबत ने क्रमशः 579 (20 एक्स) और 579 (18 एक्स) अंकों के साथ तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 12–अम्बाला/2026–27 दिनांक 08.06.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएमबी–एसआरई खंड पर दुखेरी, केसरी, तांडवाल, बरारा यार्ड के पहुंच मार्गों पर अतिक्रमण की आशंका वाले सवेदनशील स्थानों पर सीमा दीवार का निर्माण। | 4,65,03,369 | 9,30,100 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 2 | सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी– (बीएआरजे, केएआरटी एएनएसबी, सीएचटीएल, यूएचएल, एएडीआर, एनएलडीएम, एनएमडीए, एमआरएनडी, आरपीएआर, एमएनपीआर, एनजीडब्ल्यूएन, बीएसपीएन, केआरएलआई, एसआईआर, डीएलपीसी, केएमएनएन, एसएमआरएल, सीएचएमजी, एलएलकेएन) के तहत 20 यार्ड में यार्ड सुधार कार्य। | 2,17,40,152 | 4,34,800 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 3 | ADEN/UMB के अंतर्गत अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर TWS/CMSC/TSR कार्य सहित थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (TTR) कार्य। | 1,83,44,022 | 3,66,900 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 4 | ADEN/UMB के अंतर्गत अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर थ्रू रेल नवीनीकरण (TRR) कार्य। | 1,39,08,142 | 2,78,200 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 5 | ADEN/UMB के अंतर्गत दुखेरी, केसरी और बरारा स्टेशन पर TWS/CMSC/TSR सहित थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (TTR), संपूर्ण ट्रैक रिन्यूअल और थ्रू रेल रिन्यूअल (TRR) कार्य। | 1,37,19,846 | 2,74,400 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 6 | ADEN/CDG के अंतर्गत एसएएसएन, केएआरआर, डीकेटी, एलएलयू, डीएचपीआर, जीएचजी और सीडीजी स्टेशनों पर TWS/CMSC/TSR सहित थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (TTR), संपूर्ण ट्रैक रिन्यूअल, थ्रू फिटिंग रिन्यूअल और थ्रू रेल रिन्यूअल (TRR) कार्य। | 1,93,61,599 | 3,87,200 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 7 | एडीईएन/आरपीजे के तहत एसएसई/पी.वे/आरपीजे (यूबीसी, एसएमयू, आरपीजे, एसबीजे, केएलआई) और एसएसई/पी–वे/डीओए (एसडीवाई, एसआईआर, जीवीजी, केएनएन, सीएचए, और डीओए) अनुभाग में यार्ड सुधार कार्य। | 1,16,20,343 | 2,32,400 | 10 महीने | 30.06.2026 |
| 8 | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/ई/बीटीआई अनुभाग में जोन 1 और 1ए के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और रंगाई, 30/6/2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए। | 1,19,99,996 | 2,40,000 | 11 महीने | 30.06.2026 |
| 9 | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई खंड के जोन 2 में बीटीआई (शामिल) से लेकर डीयूआई (छोड़कर) तक के कर्मचारियों के क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और रंगाई, 30/6/2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए। | 74,99,937 | 1,50,000 | 11 महीने | 30.06.2026 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास– III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1960/26**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत ने जीते 3 स्वर्ण सहित 17 पदक

**उलानबटोर ओपन : टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल भारत**

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

भारत ने उलानबटोर ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार अंत किया जब प्रतियोगिता के अंतिम दिन दीपक (61 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इन तीनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत पुरुष फ्रीस्टाइल में सात पदक हासिल करने में सफल रहा। भारत ने फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती में कुल मिलाकर 17 पदक जीते और टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल रहा। दीपक ने कजाखस्तान के आसिल एताकिन को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर 61 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि दिनेश ने 125 किग्रा के फाइनल में कजाखस्तान के येदिगे कासिमबेक को 2-0 से हराया। सागर ने रूस के तामिर एशिनिमाएव को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर 74 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



## धावक शशिकेश पर डोपिंग के कारण तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** फर्राटा धावक शशिकेश कुमार पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने पहले से लगे प्रतिबंध के दौरान प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए दूसरी बार तीन साल का प्रतिबंध लगाया है। शशिकेश को पहले 10 जनवरी 2024 से नौ जनवरी 2027 तक तीन साल के लिए निलंबित किया गया था। उनका नया निलंबन नौ जनवरी 2027 से शुरू होगा जिस दिन उनका पहला निलंबन खत्म होगा। एक अन्य ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी काजल पर भी पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया है। नाडा की नवीनतम सूची के अनुसार उनका निलंबन 30 अप्रैल 2025 से शुरू हुआ। एक और ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ी रमनदीप कौर को आठ मई 2026 से दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| Lot No. | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 |
| Auction Catalogue No. | UMB-Mix-20-2026 |
| Details | (जनरल माइनर यूनिट–खानपान) (जीएमयू) आकार–10'x6') सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या–1, रामपुराफूल (PUL) रेलवे स्टेशन पर। |
| Auction start Date & Time | 15.06.2026 at 12:00 hrs. |
| Auction close Date & Time | 15.06.2026 at 12:30 hrs. |

**नोट:** ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **1966/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## सिंधू करेंगी खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश

**सिडनी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं। पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है।

फा.सं. 19/3/2019 पीआर
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय

**वित्तीय सेवाएं विभाग**

द्वितीय तल, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में पूर्णकालिक (अर्थशास्त्र) सदस्य के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।**

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), नई दिल्ली में पूर्णकालिक (अर्थशास्त्र) सदस्य के पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं, जिसका कार्यकाल 5 (पाँच) वर्ष की अवधि या 62 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होगा।

पीएफआरडीए के पूर्णकालिक सदस्य का प्रतिमाह का समेकित वेतन और भत्ता, बिना आवास और कार की सुविधा या अन्य किसी भत्ते के, 5,00,000 रुपए होगा। पद के संबंध में विवरण और पात्रता संबंधी शर्तें मंत्रालय की वेबसाइट **http://www.financialservices.gov.in** और पीएफआरडीए की वेबसाइट **http://www.pfrda.org.in** पर दी गई हैं। पूरी तरह भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **10.07.2026 शाम 5.30 बजे** तक है। उम्मीदवार योग्यता को स्पष्टतया दर्शाते हुए आवेदन लिखित रूप में नीचे दिए गए पते पर भेजे जा सकते हैं:

श्री हरकेश चन्द्र,
अवर सचिव, भारत सरकार,
वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार,
कमरा नं. 1, द्वितीय तल, जीवन दीप भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
दूरभाष सं.: 011–23748760

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द में लघु सचिवालय में स्थापित 4 अदद जॉनसन मेक लिफ्ट्स को बदलना + 4 कार्य। | 04.06.2026 11.06.2026 | 112.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में स्वर्ण जयंती राजकीय लोनिवि विश्राम गृह में 100 फीट राष्ट्रीय ध्वज मास्ट पोल का प्रावधान और खड़ा करना। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 4.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल जिला फतेहाबाद में वैद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (एलटी वितरण पैनल सहित सम्बद्ध कार्य का प्रावधान केवल)। | 04.06.2026 10.06.2026 | 25.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, भिवानी | सिवानी जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, तोशाम में सिवानी कैनाल की 10 अदद 150 एचपी मोटरों की रिवाइंडिंग। | 05.06.2026 15.06.2026 | 8.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | एमआईटीसी कॉलोनी आहिल्या बाई मार्ग करनाल में क्वार्टर नं. 3 की मरम्मत + 3 कार्य। | 04.06.2026 11.06.2026 | 12.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | वर्ष 2026 हेतु आरडी 0 से 6350 तक करौंथा सब माइनर की आंतरिक सफाई + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 49.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, भिवानी | वर्ष 2026–27 हेतु लिफ्ट जल सेवाएं (यांत्रिकी) मंडल, भिवानी में निगाना फीडर के आरडी 8350–एल पर आउटफॉल और गांव घुसकानी के खेत क्षेत्र से बाढ़ बचाव कार्य के लिए विभिन्न इलैक्ट्रोमैकेनिकल उपकरण जैसे 3 अदद 5 सीएस. वीटी पम्प, विद्युत मोटर्स, स्टार्टर पैनल और अन्य सम्बद्ध सामग्री की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन + 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 22.06.2026 | 176.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कार्य का नाम : "मण्डी डबवाली कस्बे में सभी प्रकार से पूर्ण 3 वर्ष की अवधि के लिए एक अदद ग्रैबिंग मशीन और 2000 लीटर क्षमता की जेट्टिंग मशीन, 10000 लीटर क्षमता की 1 अदद जेट्टिंग कम सक्शन मशीन, राइजिंग मेन समेत शिव नगर में 1 अदद आईपीएस के प्रचालन और रखरखाव हेतु डीएनआईटी" सीएच टू :- "सीवरेज योजना मण्डी डबवाली कस्बे हेतु वार्षिक रखरखाव आकलन + 1 कार्य।" | 05.06.2026 25.06.2026 | 244.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज नारनौल | सागरपुर ब्लॉक सिहमा – सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 3 कार्य। | 03.06.2026 10.06.2026 | 187.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2027/180/46011/I/88/6 दि. 08.06.26




## खबर संक्षेप

### पीओके में हिंसा, 11 की मौत, 4 पुलिस कर्मी भी

**मुज्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक यह हिंसा जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) और क्षेत्रीय सरकार के बीच चल रहे विवाद के दौरान हुई।

### ड्रग्स तस्करी मामले में तीन राज्यों में छापे मारे

**आइजोल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 142 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि जिन परिसरों पर छापे मारे गए वे भारत-म्यांमा अंतरराष्ट्रीय सीमा और भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा (त्रिपुरा में) के निकट स्थित हैं।

### दुबई: सड़क हादसे में कई भारतीयों की मौत

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में सोमवार को बीच सड़क पर अचानक ट्रक के खड़े होने से पीछे आ रही मिनीबस उससे टकरा गई। इस में सात की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मृतकों में कई भारतीय हैं। पांच की हालत गंभीर है। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी।

### खान सर की जमानत पर आज होगा फैसला

**पटना।** दो कोचिंग के संचालकों के बीच का विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। फायरिंग मामले में शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर और उनके अंगरक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उनके वकील कोर्ट पहुंचे। वकील ने जमानत की याचिका दायर की। कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की अपील का ईरान और इजराइल पर दिखा असर

# दोनों देशों ने बंद किए एक दूसरे पर हमले, तेहरान ने लेबनान पर हमला न करने की दी चेतावनी

*ईरान के सशस्त्र बलों ने इजराइल के खिलाफ सैन्य अभियान समाप्त करने की घोषणा की है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि इजराइल लेबनान या उसके क्षेत्र पर हमले फिर से शुरू करता है तो और भी करारा जवाब दिया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के सशस्त्र बलों ने इजराइल के खिलाफ सैन्य अभियान समाप्त करने की घोषणा की है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि इजराइल लेबनान या उसके क्षेत्र पर हमले फिर से शुरू करता है तो और भी करारा जवाब दिया जाएगा। इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद ये जवाबी हमले हुए हैं। तेहरान, तबरीज और इस्फ़हान में विस्फोटों की खबरें आई हैं, और लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों पर इजराइल के हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। ईरान की सेना का कहना है कि उसने इजराइल पर हमले रोक दिए हैं, लेकिन चेतावनी दी है कि अगर इजराइल लेबनान में अपना सैन्य अभियान जारी रखता है तो वह फिर से हमले शुरू कर देगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रूथ सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों से एक-दूसरे पर तुरंत गोलीबारी बंद करने का आग्रह किया और कहा कि शांति प्रक्रिया जारी रहेगी।

> भारत की अपील: तुरंत तनाव कम करें क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करें


ईरान ने इजराइल के वेस्ट गाजा क्षेत्र में मिसाइली हमलों की झड़ी लगा दी

#### भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

### सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, हर समय सतर्क रहें

इजराइल में भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमान की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। सभी भारतीय नागरिक निर्धारित आश्रय स्थलों के करीब रहें और अपने निवास या कार्यस्थल के आसपास मौजूद सुरक्षित स्थानों की जानकारी रखें।

#### भारत की अपील

### *कूटनीतिक समाधान आगे बढ़ने का उचित रास्ता*

*भारत ने संघर्ष को तुरंत कम करने की अपील दोहराई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक समाधान ही आगे बढ़ने का सबसे उचित रास्ता है। मंत्रालय ने कहा कि फिर से शुरू हुए हमलों पर भारत को गहरा खेद है। ये घटनाक्रम गंभीर चिंता का विषय हैं। यह संघर्ष अब 100 दिनों से अधिक समय से जारी है और इससे भारी मानवीय पीड़ा हुई है।*

#### अंतिम शांति वार्ता जारी

### तत्काल गोलीबारी रूकनी चाहिए: ट्रंप



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि इजराइल और ईरान को तत्काल गोलीबारी रोकनी चाहिए। इजराइल और ईरान दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतिम शांति वार्ता जारी है। हालांकि कुछ अड़चनों या मूर्खता के कारण यह प्रभावित हो सकती है। जब तक अंतिम समझौता नहीं हो जाता, नाकाबंदी पूरी तरह लागू और प्रभावी रहेगी। चीजें तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।*

### *लाल सागर में सक्रिय हुए हूती लड़ाके*

*इसी बीच, ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इजराइली जहाजों के आवागमन पर रोक लगाने की घोषणा की है। लाल सागर दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजराइली जहाजों के गुजरने पर पूर्ण और कुल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने जाफा में एक अहम इजराइली ठिकाने पर हमला करने का दावा किया है।*

### *ईरान के पेट्रोकेमिकल प्लांट पर इजराइल का हमला*


*इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसकी वायुसेना ने ईरान के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में स्थित महशहर पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स पर हवाई हमला किया है। सेना नेबताया कि एयरफोर्स ने इस रणनीतिक औद्योगिक क्षेत्र के कई ठिकानों को निशाना बनाया। महशहर ईरान का ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल हब माना जाता है।*

### ब्रिक्स वैश्विक इकोनॉमी का नया पावरहाउस

## पुतिन बोले- सदस्य देशों के बीच आपसी व्यापार 1 ट्रिलियन डॉलर पार कर चुका

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

29वें सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वैश्विक जीडीपी वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा (49 प्रतिशत) ब्रिक्स देशों से आया है। यह आंकड़े बताते हैं कि उभरते बाजार अब वैश्विक पटल पर एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहे हैं और ब्रिक्स देश इसके विकास का मुख्य इंजन बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, क्रय शक्ति समता के आधार पर वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स का योगदान लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, व्यापारिक मोर्चे पर भी इन देशों ने तेजी से प्रगति की है। पुतिन ने कहा है कि ब्रिक्स के अस्तित्व में आने के बाद से वैश्विक माल व्यापार में इसकी हिस्सेदारी दोगुनी से अधिक हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सदस्य देशों के बीच आपसी व्यापार 1 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है।


व्लादिमीर पुतिन

### चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग पहुंचे उत्तर कोरिया

## दोनों देश सैन्य और राजनीतिक गठबंधन को जीवंत करने का फिर से करेंगे प्रयास

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर सोमवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन और उनकी पत्नी ने शी जिनपिंग का भव्य स्वागत किया। इसके बाद प्योंगयांग के मुख्य चौक पर शी को सैन्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता शुरू हो गई है। ये शी की सितंबर 2025 के बाद कोरियाई सुप्रीम लीडर से पहली मुलाकात है, जब दोनों बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मिले थे। चीनी राष्ट्रपति की यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक और कूटनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।


किम जोंग उन और शी जिनपिंग

## हम प्रतिद्वंद्वी नहीं सहयोगी और साझेदार: चीन

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

एक शीर्ष चीनी अधिकारी ने कहा कि चीन और भारत को इस सही रणनीतिक धारणा पर कायम रहना चाहिए कि वह प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी साझेदार हैं। इसके साथ ही एक दूसरे के विकास के अवसर हैं न कि खतरे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया ब्रीफिंग में भारत-चीन संबंधों पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि फिलहाल चीन-भारत सीमा की स्थिति आम तौर पर स्थिर है। दोनों पक्षों के बीच एक संचार चैनल है।


लिन जियान

### सीमा पर स्थिति स्थिर

लिन ने कहा कि चीन और भारत को इस धारणा पर कायम रहना चाहिए कि दोनों देश सहयोगी साझेदार हैं। ना कि प्रतिस्पर्धी और प्रतिद्वंद्वी, और दोनों देश एक दूसरे के विकास के लिए अवसर हैं। न कि खतरे। दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखना और संभालना चाहिए। आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए और सहयोग का विस्तार करना चाहिए।

### भारत-पाक चर्चा से मतभेद सुलझाएं

लिन ने कहा कि बीजिंग भारत और पाकिस्तान दोनों को संवाद और परामर्श के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से सुलझाने और क्षेत्र को शांतिपूर्ण और स्थिर बनाए रखने में समर्थन करता है।

## मतदाता सूची में विदेशी घुसपैठियों पर भी नजर रखें


ईसी के नए निर्देश

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट की जांच के दौरान अब संदिग्ध विदेशी घुसपैठियों की पहचान भी की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) को इसके कड़े निर्देश दिए हैं। घर-घर जाकर सर्वे करने के दौरान अगर कोई संदिग्ध विदेशी निवासी मिलता है, तो उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। ह कदम मतदाता सूची को ज्यादा सटीक और अपडेट रखने के लिए उठाया गया है। संदिग्ध विदेशी नागरिकों से जुड़े इन मामलों को नागरिकता अधिनियम के तहत करें। मतदाता सूची के एसआईआर के बीच जमीनी स्तर पर वेरिफिकेशन करने की जिम्मेदारी बीएलओ को सौंपी गई है। इस पूरी प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से विचार करने के लिए अधिकृत अधिकारियों को जरूरी अधिकार भी दे दिए गए हैं।

## हेपेटाइटिस-ए और निपाह के बाद शिगेला संक्रमण का खतरा बढ़ा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल बीते कुछ वर्षों में देश का सबसे ज्यादा संक्रामक रोगों से प्रभावित राज्य रहा है, ये कहना अब गलत नहीं है। लेप्टोस्पायरोसिस रोग या फिर ब्रेन-ईटिंग अमीबा संक्रमण का खतरा, हेपेटाइटिस-ए इंफेक्शन हों या निपाह के मामले, ये सभी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगातार चिंता बढ़ाते रहे हैं। अब केरल में एक नई मुसीबत सिर उठाती दिख रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल में शिगेला संक्रमण का खतरा देखा जा रहा है, इससे संक्रमित एक 4 वर्षीय बच्चे की मौत भी हो गई है। अब तक शिगेला संक्रमण के 126 मामले सामने आए हैं।

> 126 संक्रमित और एक बच्चे की मौत से दहशत



### निगरानी और बचाव के उपाय तेज किए

स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने बताया कि राज्य में शिगेला संक्रमण के अब तक 126 मामले सामने आए हैं, स्वास्थ्य अधिकारियों ने निगरानी और बचाव के उपाय तेज कर दिए हैं। शिगेला संक्रमण की पुष्टि होने के बाद तीन बच्चों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का बड़ा दावा

## रूसी तेल खरीदने से रोकने की किसी में हिम्मत नहीं, भारत अपनी शर्तों पर ही करेगा अनुबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दावा किया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तमाम चिंताओं और कयासों के बावजूद भारत को कभी भी रूसी तेल की खरीद बंद करने का निर्देश देने की हिम्मत किसी देश में नहीं हुई। भारत ने साफ कर दिया कि उसकी संप्रभुता और देश की गरीब जनता को किफायती ईंधन देना उसकी पहली प्राथमिकता है। भारत बिना किसी दबाव के अपनी शर्तों पर रूसी तेल खरीदता रहा और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा।

### पीएम ढाल बनकर खड़े थे



पुरी ने कहा कि जब दुनिया भर के देशों में ईंधन की किल्लत और महंगाई को लेकर त्राहि-त्राहि मची थी, तब पीएम नरेंद्र मोदी खुद वैश्विक मंच पर देश के उपभोक्ताओं के लिए एक मजबूत ढाल बनकर खड़े थे। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी देश की आम जनता और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना पीएम मोदी की एक अटूट प्रतिज्ञा और उनका परम धर्म है। इसी का नतीजा है कि भारत हर अंतरराष्ट्रीय चक्रव्यूह को भेदकर सुरक्षित बाहर निकल आया।

### *41 देशों से ऊर्जा का आयात किया*

*केंद्रीय मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की असाधारण नेतृत्व क्षमता और उनकी वैश्विक कूटनीति को सबसे बड़ा हथियार बताया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के 41 अलग-अलग देशों से ऊर्जा का आयात कर रहा है। यानी अगर एक रास्ता बंद भी हो जाए, तो देश के पास 40 और विकल्प खुले रहते हैं। जब-जब संकट गहराया, पीएम मोदी ने खुद दुनिया के शीर्ष कप्तानों और राष्ट्राध्यक्षों से सीधे फोन पर बात की जिससे भारत का एनर्जी रिजर्व हमेशा फुल रहे।*

### मौसम वैज्ञानिकों की बड़ी चेतावनी, अल नीनो से टूटेंगे तापमान बढ़ने के रिकॉर्ड

## दुनिया बन जाएगी जलता चूल्हा, भोजन से लेकर पानी की होगी कमी

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

मौसम विज्ञानियों ने अपने एक नए अनुमान के आधार पर चेताते हुए कहा है कि इस साल बनने वाला अल नीनो अब तक का सबसे शक्तिशाली अल नीनो हो सकता है। यह घटना दुनियाभर में तापमान को रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ाएगी, जिसका सीधा असर खेती-बाड़ी को नुकसान से लेकर पानी की कमी होने तक में देखने को मिलेगा। यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट (ईसीएमडब्ल्यूएफ) का अनुमान है कि अल नीनो के चलते इस साल दिसंबर तक मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के इलाके में समुद्री सतह का तापमान औसत से 5.4 डिग्री फारेनहाइट (3 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ सकता है। कुछ अनुमानों में तापमान 7.2एफ (4 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर जाने की संभावना जताई गई है।

### अल नीनो का असर सीमा पर दिखेगा


संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस

वर्ल्ड मेटियोरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि इस क्लाइमेट पैटर्न के सितंबर से पहले बनने की संभावना 80% और नवंबर से पहले 90% है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि अल नीनो 90% निश्चितता के साथ आने वाले महीनों में हमारे दरवाजे पर दस्तक देने वाला है। दुनिया को इसे क्लाइमेट चेतावनी के तौर पर लेना चाहिए। यह पहले से ही खतरनाक रूप से गर्म हो रही धरती पर ज्यादा गर्मी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अल नीनो की स्थितियां गर्म होती दुनिया की आग में घी का काम करेंगी। इसके असर दूर-दूर तक फैलेंगे और बहुत तेजी से सीमाओं को पार करेंगे। ऐसे में एहतियाती कदम उठाना जरूरी है।

### *3 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ेगा*

*ईसीएमडब्ल्यूएफ के अनुमान इस साल का अल नीनो (प्राकृतिक जलवायु चक्र का गर्म चरण) दुनियाभर में तापमान को बहुत ज्यादा बढ़ा देगा। यह साल 2015-2016 और 1997-1998 के पिछले रिकॉर्ड-धारक अल नीनो से कहीं ज्यादा शक्तिशाली होगा। ग्लोबल वेदर राइटर बेन नोल ने एक्स पर लिखा है कि अब तकरीबन हर अनुमान 3 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है और कुछ अनुमान तो 4 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा तापमान दिखा रहे हैं। इसे दुनिया को निश्चित ही एक चेतावनी की तरह लेना चाहिए।*

### *रिन्यूएबल एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ें*

*अल नीनो का एकमात्र असरदार जवाब संकट के बराबर क्लाइमेट एक्शन है। यानी फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता खत्म करना, रिन्यूएबल एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ना, ज्यादा खतरे वाले लोगों की सुरक्षा करना और सभी के लिए अर्ली वॉर्निंग सिस्टम लागू करना जरूरी है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28